वर्ष 14, अंक 178
गैरसैंण
गुरूवार
2 नवम्बर 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## कर्णप्रयाग के शैलेश्वर सड़क पर खाई में गिरी कार, एक की मौत

**चमोली।** मंगलवार देर रात को सिमली से शैलेश्वर की ओर जाती एक कार अज्ञात कारणों से अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए। घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कोतवाली के वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि मंगलवार देर शाम सूचना मिली कि सिमली–शैलेश्वर मोटर मार्ग पर एक कार खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। जिस पर पुलिस बल सहित एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। बताया कि ग्रामीणों की मदद से घायलों और मृतक को रेस्क्यू निकाला गया। एसएसआई पंकज कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में सुरेन्द्र कुमार निवासी सिमल्ट कि मौके पर मौत हो गई। जबकि संतोष चौहान निवासी कनोठ पोस्ट कनोठ और आशीष कंडवाल निवासी सिमल्ट घायल हो गए हैं।

## मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध फिर 5 नवंबर तक बढ़ा

**इंफाल ,(एजेंसी)।** असामाजिक तत्वों द्वारा हानिकारक संदेशों, फोटो और वीडियो के प्रसार को रोकने के लिए मणिपुर सरकार ने मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध को पांच नवंबर तक और पांच दिनों के लिए बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने हाल ही में संकेत दिया था कि सरकार अगले कुछ दिनों के भीतर प्रतिबंध वापस लेने पर विचार करेगी, जिसके बाद गृह विभाग ने एक सप्ताह से भी कम समय में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध को दो बार बढ़ा दिया।

सिंह ने पिछले सप्ताह एक सरकारी समारोह को संबोधित करते हुए इस मुद्दे पर नागरिकों, विशेषकर छात्रों और युवाओं से धैर्य रखने की अपील की थी। पिछले महीने छात्रों के आंदोलन के बाद मणिपुर सरकार ने 143 दिनों के बाद प्रतिबंध हटने के दो दिन बाद 26 सितंबर को मोबाइल इंटरनेट डेटा सेवाओं, इंटरनेट/डेटा सेवाओं को फिर से निलंबित कर दिया था और प्रत्येक पांच दिनों के बाद प्रतिबंध को बढ़ा दिया गया था।

गृह विभाग की एक अधिसूचना में कहा गया कि प्रतिबंध को इस आशंका के बाद बढ़ाया गया था कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाएं भडक़ाने वाली तस्वीरें, नफरत भरे भाषण और नफरत भरे वीडियो प्रसारित करने के लिए बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सकते हैं, जिसका कानून व्यवस्था पर गंभीर असर हो सकता है।

## रॉबर्ट वाड्रा पहुंचे हरिद्वार, वीआईपी घाट पर गंगा नदी में अपनी बुआ की अस्थियां विसर्जित कीं

**हरिद्वार ,(एजेंसी)।** उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा ने गंगा नदी में अपनी बुआ की अस्थियां विसर्जित कीं। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें गंगा किनारे पुष्पांजलि अर्पित की। वाड्रा हरिद्वार के वीआईपी घाट पर अपने परिवार के साथ पहुंचे। वाड्रा ने मां गंगा का आचमन किया। उन्होंने कहा कि पूरा परिवार आज एक साथ है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्होंने कहा कि आज सुबह ही प्रियंका गांधी से उनकी बात हुई थी, जिसमें उन्होंने इंदिरा गांधी को याद किया था और आज यहां गंगा किनारे भी उनको पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# तृतीय केदार श्री तुंगनाथ जी के कपाट श्रद्धालुओं के लिए हुए बंद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**रूद्रप्रयाग :** सबसे ऊंचे हिम पर्वत श्रृंखला पर विराजमान तृतीय केदार श्री तुंगनाथ मंदिर के कपाट बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे वैदिक मंत्रोचार एवं विधि विधान से शीतकाल हेतु बंद हो गये हैं। इस अवसर पर डेढ़ हजार श्रद्धालुओं ने बाबा तुंगनाथ के दर्शन किये। 3 नवंबर को बाबा तुंगनाथ जी की डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री मार्कंडेय मंदिर मक्कूमठ पहुंचेगी, इसी के साथ शीतकालीन पूजाएं शुरू होंगी।

श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने श्री तुंगनाथ जी के कपाट बंद होने के अवसर पर सभी श्रद्धालुजनों को बधाई देते हुए कहा कि पहली बार तुंगनाथ जी में एक लाख पैंतीस हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये हैं। मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि कपाट बंद होने तथा श्री तुंगनाथ जी की डोली यात्रा सफल समापन हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। कपाट बंद होने के अवसर पर बुधवार को प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में श्री तुंगनाथ जी के कपाट खुल गये थे, इसके बाद प्रातःकालीन पूजा-अर्चना तथा दर्शन



डीएम हिमांशु खुराना बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

शुरू हो गए। तत्पश्चात् 10 बजे से कपाट बंद की प्रक्रिया शुरू हो गई तथा बाबा तुंगनाथ के स्वयंभू लिंग को स्थानीय फूलों भस्म आदि से ढ़क कर समाधि रूप दे दिया गया। इसके बाद ठीक 11 बजे पूर्वाह्न श्री तुंगनाथ जी के कपाट शीतकाल हेतू बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने के बाद श्री तुंगनाथ जी की देव डोली मंदिर प्रांगण में आ गई तथा मंदिर परिक्रमा के पश्चात् देवडोली चोपता को प्रस्थान हुई। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि 2 नवंबर को श्री तुंगनाथ जी की देव डोली भनकुन प्रवास करेगी। 3 नवंबर को भूतनाथ मंदिर होते हुए शीतकालीन गद्दीस्थल श्री मार्कंडेय मंदिर मक्कूमठ पहुंचेगी तथा 3 नवंबर को देवभोज का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ यहां बाबा तुंगनाथ जी की शीतकालीन पूजाएं शुरू हो जाएंगी। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार नौटियाल, मंदिर प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, मठापति रामप्रसाद मैठाणी, डोली प्रभारी प्रकाश पुरोहित, पुजारी प्रकाश मैठाणी तथा अन्य पुजारीगण सहित जिला प्रशासन, वन विभाग, उत्तराखंड पुलिस व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र में घमासान, सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक, जरांगे ने दिया अल्टीमेटम

**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण विवाद ने महाराष्ट्र में एक बार फिर हलचल मचा दी है। महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार के दो सांसदों और एक विधायक ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। उधर, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में मराठा आरक्षण को लेकर चल रहा आंदोलन मंगलवार को कई जगहों पर हिंसक हो गया तथा बीड और धाराशिव जिलों में कर्फ्यू लागू कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को महाराष्ट्र के अलग–अलग जगहों पर चक्का जाम और प्रदर्शन किया। मराठा आरक्षण समर्थक प्रदर्शनकारियों ने पुणे में नवले पुल के पास मुंबई–बंगलुरु राजमार्ग पर टायर जलाए, जिससे दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। प्रदर्शन स्थल और कटराज, चांदनी चौक जैसे आसपास के इलाकों में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। दोपहर करीब 2:30 बजे तक पुलिस प्रदर्शनकारियों को सडक़ से हटाने में कामयाब रही और राजमार्ग को यातायात के लिए



खोल दिया।पुलिस उपायुक्त विजय मागर ने कहा कि दोनों तरफ कम से कम 15 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें थीं। हालांकि हमने प्रदर्शनकारियों से रास्ता खाली करने की अपील की और अब वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई है। आंदोलन के कारण बीड जिला में बुधवार तक इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। वहीं महाराष्ट्र के जालना जिला में लोगों की भीड़ ने एक पंचायत समिति कार्यालय में आग लगा दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरक्षण समर्थक कुछ लोग 'एक मराठा, लाख मराठा' के नारे लगाते हुए जिला में घनसावंगी में सोमवार रात को पंचायत समिति कार्यालय पहुंचे और परिसर में तोडफ़ोड़ की तथा आग लगा दी।

# उद्योग समूहों के साथ 20 हजार करोड़ से अधिक के एमओयू किए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** उत्तराखण्ड में आगामी 8-9 दिसंबर को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु अहमदाबाद में आयोजित रोड शो में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में 50 से अधिक उद्योग समूहों के साथ 20 हज़ार करोड़ के एमओयू किए गए, जिसमें शीतल ग्रुप और कंपनी, रैंकर्स हॉस्पिटल, ज़िवाया वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड, एस्ट्रल पाइप्स, वारमोरा टाइल्स, गुजरात अंबुजा एमकेसी इंसा इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और अमूल शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में निवेश के लिए अपार संभावनाएं हैं।

राज्य में 06 हजार एकड़ का लैंड बैंक बनाया गया है। राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में निवेश करने वालों के लिए और प्रोत्साहन दिया जायेगा। उत्तराखण्ड का प्राकृतिक सौन्दर्य और बेहतर मानव संसाधन निवेशकों को





उत्तराखंड आने के लिए आकर्षित कर रहा है।

इसके अलावा कमोडिटी ट्रेडिंग, एडी मेहता लॉजिस्टिक्स, फ्रेंड्स एंड फ्रेंड्स ग्रुप ऑफ कंपनीज, पारेख वेंचर्स एलएलपी, वी मिलक इंटरप्राइजेज, आर्य ओशियन लॉजिस्टिक्स पार्क, हिंदुस्तान ऑयल इंडस्ट्रीज, सुपैक इंडस्ट्रीज, श्रीजी ग्रुप, एनबी ग्रुप, शांताकारम निगम, अपोलो ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, पंचकर्म होटल और रिसॉर्ट्स (ट्राइडेंट), साबरमती विश्वविद्यालय, लीला होटल और रिसॉर्ट्स, हॉप्स हेल्थकेयर, प्राइम फ्रेश, दत्त मोटर्स, नेक्सस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किए गए।

उत्तराखण्ड में आगामी 8-9 दिसंबर को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को अहमदाबाद में आयोजित रोड शो में प्रतिभाग किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न उद्योग समूहों के साथ बैठक करते हुए सभी निवेशकों को समिट के लिए आमंत्रित भी

**◆उत्तराखण्ड में निवेश के लिए अपार संभावनाएं**
**◆सीएम धामी ने निवेशकों को उत्तराखंड आमंत्रित किया**

किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत अहमदाबाद में यह छठवां रोड शो आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने 08 और 09 दिसम्बर 2023 को देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में निवेशकों को आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात भगवान श्रीकृष्ण की धरा है। महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसे महापुरुषों की यह भूमि है। इस भूमि ने भारत को नरेंद्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री दिये हैं।

उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक पटल पर एक अलग पहचान बनाई है। आज दुनिया में भारत का मान-सम्मान और स्वाभिमान बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में ईकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन बनाते हुए कार्य किये जा रहे हैं। उत्तराखंड कर्मभूमि बनाने के लिए अच्छा डेस्टिनेशन है। राज्य में हवाई, रेल, रोड और रोपवे कनेक्टिविटी के साथ तेजी से विस्तार हो रहा है। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में इस वर्ष अभी तक 52 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

कुमाऊं मंडल में मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, सचिव विनय शंकर पाण्डेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े निवेशक मौजूद थे।

## आप सरकार ने पूरा किया वादा, निगम में पांच हजार सफाईकर्मियों को किया पक्का: केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने पांच हज़ार सफ़ाई कर्मचारियों को स्थाई करने का अपना वादा पूरा किया है। श्री केजरीवाल ने संवाददाताओं से आज यहां कहा," आम आदमी पार्टी ('आप')की सरकार ने निगम के पांच हजार कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का कर दिया है। यह कर्मचारी लंबे समय से अपनी नौकरी पक्की करने की मांग कर रहे थे, लेकिन 15 साल सरकार में रही भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) ने इनकी मांगों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब तक हमने 6484 कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का किया है।"

उन्होंने कहा कि मंगलवार को



दिल्ली नगर निगम के सदन की बैठक में प्रस्ताव पारित करके लगभग पांच हजार सफाई कर्मचारियों को पक्का किए जाने को मंजूरी दे दी गई। कच्चे कर्मचारियों की नौकरी का कुछ पता नहीं होता है। उनको आज बुलाकर काम लिया जा रहा है तो कल नहीं भी बुलाया जा सकता है।

महीने में 15 दिन काम लिया जाएगा या 20 काम लिया जाएगा, इसका भी कुछ नहीं पता होता है। उनकी छुट्टियों का भी नहीं पता होता है। कच्चे कर्मचारियों को पूरी तनख्वाह भी नहीं मिलती है। अभी तक कई तरह से कच्चे कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा," पिछले 15 साल से दिल्ली नगर निगम में भाजपा की सरकार थी। भाजपा ने सफाई कर्मचारियों का शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

सफाई कर्मचारियों की हमेशा यही मांग रही कि उनको पक्का किया जाए। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बने अभी डेढ़ साल ही हुए हैं। इन डेढ़ साल के अंदर हमने करीब 30 हजार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया है। यह आम आदमी पार्टी की प्रतिबद्धता को दिखाता है।"

उन्होंने कहा," जब से दिल्ली नगर निगम में 'आप' की सरकार बनी है, नगर निगम से अच्छी–अच्छी खबरें आ रही हैं। हमारी सरकार से पहले नगर निगम से भ्रष्टाचार और तनख्वाह नहीं मिलने की खबरें आती थीं। जब निगम में भाजपा की सरकार थी, तब खूब भ्रष्टाचार होता था। इसके अलावा कर्मचारियों की तीन–चार महीने से तनख्वाह नहीं मिलने की खबरें आती थी। सफाई कर्मचारी तनख्वाह की मांग को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन और हड़ताल करते नजर आते थे।

हमने कई गलत चीजों को नियंत्रित किया है और पिछले तीन–चार महीने से सभी कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह मिलने लगी है।"

## सौतेली बेटी से अश्लील हरकतें करने पर पिता को पांच साल की जेल

**रुद्रपुर।** सौतेली बेटी के साथ छेड़छाड और अश्लील हरकतें करने के आरोपी पिता को पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने पांच वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने सरकार को पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दो लाख रुपये देने के निर्देश दिए हैं। बाजपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने 25 जुलाई 2021 को पुलिस को तहरीर दी कि वह कुछ समय पहले वह अपने बच्चों के साथ कमरा किराए पर लेने आई थी। आरोपी ने कमरा देने के साथ ही महिला के साथ विवाह कर लिया। महिला ने कहा कि 24 जुलाई 2021 की रात पति शराब पीकर घर आया। कुछ देर में कुछ आवाजें सुनाई दीं। इसपर उसने उठकर देखा कि उसका पति उसकी 11 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड कर अश्लील हरकतें कर रहा था।

## पड़ोसी देशों के साथ भी 'सबका साथ, सबका विकास' चाहता है भारत : पीएम मोदी

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं और नई दिल्ली ने ढाका के साथ भी 'सबका साथ, विकास' का दृष्टिकोण अपनाया है।

पीएम मोदी ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के साथ भारतीय सहायता से निर्मित तीन परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए कहा, हमने अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश के लिए भी 'सबका साथ, सबका विकास' का दृष्टिकोण अपनाया है। हमें बांग्लादेश के लिए सबसे बड़ा विकास भागीदार होने पर गर्व है। पिछले नौ वर्षों में, 10 बिलियन डॉलर की सहायता दी गई है। उपलब्धियों की सूची बहुत लंबी है।

ये परियोजनाएं हैं – अखौरा–अगरतला क्रॉस–बॉर्डर रेल लिंक; खुलना–मोंगला पोर्ट रेल लाइन; और मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट–द्धद्धज् मोदी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में हमारा आंतरिक व्यापार तीन गुना हो गया है।

आज अखौरा–अगरतला रेल लिंक का उद्घाटन एक ऐतिहासिक क्षण है। यह बांग्लादेश और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों के बीच पहला रेल लिंक है। मुक्ति संग्राम के दिनों से ही त्रिपुरा का बांग्लादेश के साथ मजबूत संबंध रहा है, मुझे खुशी है कि हमने मैत्री थर्मल पावर प्रोजेक्ट की दूसरी यूनिट का उद्घाटन किया है।

## विपक्ष का प्रहार, फोन हैक कर रही सरकार, नेताओं ने एप्पल फोन पर मिले अलर्ट शेयर कर बोला हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एप्पल कंपनी की तरफ से हैकिंग को लेकर आए अलर्ट ने सियासत में नया भूचाल खड़ा कर दिया है। समूचा विपक्ष जहां सरकार पर जासूसी करने का आरोप लगा रहा है, तो वहीं सरकार का कहना है कि ये पूरी तरह से निराधार बातें हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, आप नेता राघव चड्ढा, शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाए हैं कि सरकार जासूसी कर रही है। सरकार डरकर ये सब कर रही है। केंद्र सरकार ने पलटवार करते हुए कहा कि हम मामले की जांच कराएं, सारे आरोप निराधार है। इस बीच एप्पल ने पूरे मामले पर बयान जारी किया है। मोइत्रा ने कुछ स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए कहा कि एपल से मुझे टेक्स्ट और ई–मेल प्राप्त हुआ कि सरकार मेरे फोन और ई–मेल को हैक करने की कोशिश कर रही है। एचएमओ इंडिया को बचने का मौका मिल गया। अडानी और पीएमओ धमकियां देते हैं। आपको ऐसे डरा हुआ देख कर मुझे आप पर दया आती है। प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इसी तरह का एक स्क्रीनश-



ॉट साझा किया, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि यह उन्हें एप्पल से मिला है। उन्होंने कहा कि आपको शर्म आनी चाहिए। गृह मंत्री कार्यालय आपके ध्यानार्थ।

तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इसी तरह का पोस्ट किया। उन्होंने एक्स पर तंज कसते हुए कहा कि एपल आईडी से प्राप्त हुआ, जिसका मैंने सत्यापन किया है। प्रामाणिकता की पुष्टि हुई। मेरे जैसे करदाताओं के पैसे पर अल्प–रोजगार अधिकारियों को व्यस्त देखकर खुशी हुई। आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने कहा कि मैं अपने संसदीय कर्त्तव्यों को निभाने के लिए अपने स्मार्टफोन का उपयोग करता हूं। अपने निर्वाचन क्षेत्र के सदस्यों के साथ जुड़ता हूं, अनुरोधों का समाधान करता हूं और सहायता प्रदान करता हूं। मैं इसका उपयोग केंद्र सरकार के तानाशाहीपूर्ण तरीकों पर सवाल उठाने के लिए भी करता हूं। यह मेरे संवाद करने के लिए भी एक उपकरण है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान भी आया है। वह एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी और कारोबारी गौतम अडानी पर हमलावर हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं फोन टैपिंग से नहीं डरता। राहुल गांधी ने कहा कि केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, सीताराम येचुरी समेत कई नेताओं को ऐसे मैसेज आए हैं। उन्होंने कहा कि कम ही लोग भाजपा और अडानी से लड़ रहे हैं। आप जितना चाहें, फोन को टैप कर सकते हैं। मैं इसकी परवाह नहीं करता। आप चाहें तो मैं अपना फोन ही दे सकता हूं। हम डरते नहीं हैं और लडऩे को तैयार हैं। इन सब आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने पूरे मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं।

विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सफाई देते हुए कहा कि कई विपक्षी नेताओं के मोबाइल फोन पर आईफोन निर्माता एप्पल इंक की ओर से भेजे गए वॉर्निंग मैसेज पर केंद्र सरकार सख्त रुख अपना रही है। 'अधूरी जानकारी' देने को लेकर एप्पल पर निशाना साधते हुए सरकार ने इस मामले की जांच भी शुरू कर दी है। वहीं एप्पल ने कहा कि खतरे की सूचनाओं के लिए किसी विशिष्ट सरकार–प्रायोजित हमलावर को जिम्मेदार नहीं ठहराता। कंपनी ने कहा कि सरकार प्रायोजित हमलावर 'आर्थिक और तकनीकी रूप से बहुत मजबूत होते हैं और उनके हमले समय के साथ विकसित होते हैं।' हालांकि, एप्पल ने इस बारे में बताने से इनकार कर दिया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा समेत अन्य नेताओं को किस वजह से चेतावनियां मिलीं।

## छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना आज होगी जारी

**पौड़ी** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण में छात्रसंघ चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। महाविद्यालय में गुरुवार को चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। बुधवार को चुनाव प्रक्रिया को लेकर प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल की अध्यक्षता में स्थानीय प्रशासन, थाना प्रभारी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी निर्वाचन छात्रसंघ डा. विकास प्रताप सिंह द्वारा निर्वाचन से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से बताई गई। बताया कि महाविद्यालय में निर्वाचन की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी जायेगी। बैठक में चुनाव में पुलिस बल व प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा की गई है। बैठक में संभावित छात्रसंघ प्रत्याशियों को नामांकन प्रक्रिया, योग्यता, नामांकन प्रपत्र, निर्वाचन संहिता, इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं को विस्तार से बताया गया। बैठक में तहसील प्रशासन से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पीतांबर बृजवासी, थाना थलीसैंण के उप निरीक्षक बद्री टम्टा, पवन, डा. जेसी भट्ट, डा. छाया सिंह आदि शामिल रहे।

# लाखों किए खर्च, फिर भी अंधेरे में निगम के वार्ड

◆निगम के वार्डों में लाखों की लागत से लगवाई गई हैं लाइट
◆अधिकांश वार्डों में लाइट खराब होने से छाया रहता है अंधेरा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड अंधेरे में हैं। दरअसल, वार्डों में लाखों की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइट कुछ दिन प्रकाश फैलाने के बाद अब केवल शोपीस बनकर रह गई हैं। वार्ड वासियों की शिकायत के बाद भी नगर निगम लाइटों की मरम्मत करवाने की सुध नहीं ले रहा। नतीजा शाम ढलते ही वार्ड में पूरी तरह अंधेरा छा रहा है।

करीब तीन वर्ष पूर्व नगर निगम की ओर से 48 लाख की लागत से वार्डो में दो हजार स्ट्रीट लाइट लगवाई गई थी। स्ट्रीट लाइट लगने के कुछ दिन वार्डों में रोशनी बनी रही, लेकिन अब अधिकांश वार्डों में लाइटें खराब हो चुकी हैं। नतीजा वार्डों में चारों ओर अंधेरा छाया रहता है। रात के समय लोगों का सड़क पर गलियों में चलना भी मुश्किल हो जाता है। लालपानी निवासी पंकज कुमार, संगीता, सोहन सिंह ने बताया कि मुख्य मार्ग में पिछले कई माह से स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। यही स्थिति लकड़ी पड़ाव, काशीरामपुर, देवी रोड, मानपुर, दुर्गापुरी के साथ ही भाबर क्षेत्र के अधिकांश वार्डों में बनी हुई है। पार्षद सौरभ नौटियाल ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को बोर्ड बैठक में भी उठाया था। लेकिन, निगम के अधिकारी समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहे।


कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में सड़क किनारे लगी स्ट्रीट लाइट

### जगंली जानवरों का खतरा

जंगल से सटे लालपानी, रामपुर, सनेह, ध्रुवपुर, ग्रास्टनगंज, गिवईस्रोत, सिगड्डी, झंडीचौड़ क्षेत्र में लाइट खराब होने से जंगली जानवरों का खतरा बना हुआ है। कई बार जंगली जानवर रात के अंधेरे में मार्ग पर आ धमक जाते हैं। बावजूद इसके नगर निगम समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। यही नहीं वार्ड में कई स्थानों पर आस-पास दो-तीन लाइटें लगी हुई हैं, जबकि जिन जगहों पर सबसे अधिक अंधेरा है, वहां पर लाइट नहीं लगाई गई हैं।

# पंचायत विकास अधिकारी के पद से हटाई जाएं ट्रिपल सी की बाध्यता

### बीएड प्रशिक्षित युवा संघ की ओर से आयोजित की गई बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : बीएड प्रशिक्षित युवा संघ ने पंचायत विकास अधिकारी के पद पर ट्रिपल सी की बाध्यता को समाप्त करने की मांग की है। कहा कि पूर्व में कई बार सुझाव देने के बाद भी सरकार लापरवाह बनी हुई है।

आयोजित बैठक में संघ के प्रवक्ता अरविंद दुदपुड़ी ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से विभिन्न पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई है। इन्हीं पदों में एक ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पद के लिए ट्रिपलसी की बाध्यता थोपी गई है।

जबकि, अन्य पदों के लिए छह माह या एक वर्ष का कंप्यूटर प्रशिक्षण मांगा गया है। कहा कि सिर्फ पंचायत विकास अधिकारी के पद के लिए ट्रिपलसी की बाध्यता ठीक नहीं है। बेरोजगारों के हित को देखते हुए यह बाध्यता समाप्त की जानी चाहिए।

इस मौके पर बबीता भारद्वाज, अनिल रतूड़ी, मोहित ठाकुर, स्वाति कंडवाल, ज्योति नेगी, शिवानी नेगी, नितेश रावत, भारत रावत, प्रसीद रावत, विकास शाह, पूनम अधिकारी, अंजलि रावत आदि मौजूद रहे।

## श्रीनगर में एसयूसीआई ने किया प्रदर्शन

**श्रीनगर गढ़वाल** : शहर के गोला पार्क में एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) उत्तराखंड द्वारा फिलिस्तीनियों के खिलाफ हमले रोको की मांग को लेकर अखिल भारतीय विरोध दिवस के रूप में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य संयोजक डॉ. मुकेश सेमवाल ने कहा कि इजरायल द्वारा फिलिस्तीन पर गैरकानूनी कब्जा किया गया है। उन्होंने कहा कि मानवता को बचाने के लिए हम युद्ध पर शांति विराम की मांग करते हैं। इस मौके पर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) उत्तराखंड के राज्य संयोजक डॉ. मुकेश सेमवाल, एआईडीएसओ छात्र संगठन की ऑल इंडिया काउंसिल मेंबर रेशमा पंवार, संदीप, मोनिका, अमित, भानु, अजय, आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# चांद का दीदार कर पति की लंबी आयु के लिए मांगी दुआएं

### सुहागिनों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया करवा चौथ पर्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कोटद्वार व आसपास के क्षेत्र में करवा चौथ पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिनों ने निर्जला व्रत रखकर रात के समय चांद का दीदार कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। करवा चौथ को लेकर बाजार में काफी उत्साह देखने को मिला। वहीं, गोविंद नगर स्थित गीता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

बुधवार को सुबह से ही महिलाएं व्रत की तैयारियों में जुटी हुई थी। महिलाओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ ही कीर्तन भी किया। इस दौरान शहर के बाजारों में भी महिलाओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। महिलाओं ने आभूषण व कपड़ों की खूब खरीदारी की। मालनी मार्केट में मेहंदी लगवाने के लिए जगह-जगह स्टाल लगाए गए थे। स्टाल में मेहंदी लगवाने के लिए महिलाओं को लंबा इंतजार करना पड़ा। ब्यूटी पार्लर में भी महिलाओं की भीड़ उमड़ी हुई थी। शाम तक बाजार में खरीदारों की चहल-पहल बनी हुई थी। रात करीब साढ़े आठ बजे सुहागिनों ने चांद का दीदार कर अपने पति की लंबी उम्र की दुआएं मांगी।


कोटद्वार के गीता मंदिर में पूजा अर्चना करती सुहागन

## नजीबाबाद रोड व सिताबपुर औद्योगिक आस्थान के समीप लगेगी पटाखों की दुकान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दीपावली के अवसर पर पटाखों का बाजार लगाने के लिए प्रशासन की ओर से दो जगहों को चिन्हित किया गया है। धनतरेस से लेकर बड़ी दीपावली तक नजीबाबाद रोड़ व सिताबपुर औद्योगिक आस्थान के निकट खाली प्लाट में पटाखा बाजार लगेगा।

इस संबध में तहसील सभागार में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने जल संस्थान, विद्युत विभाग व नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने पटाखों के होल सेल कारोबारियों को रिटेल में दुकानदारी न करने देने की हिदायत देने की मांग की। इस पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि इस संबध में होल सेल कारोबारियों को नोटिस जारी कर दिया जायेगा। बैठक में अग्निशमन अधिकारी ईशम सिंह, विद्युत विभाग से कमल सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेंद्र बिष्ट, आशीष सतीजा और अन्य कारोबारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने दिया वैज्ञानिक सोच का परिचय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : देवी रोड स्थित श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल में कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में इंटर कक्षा तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया।

प्रदर्शनी का आरंभ प्रधानाचार्य डीएम रतूड़ी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि किस प्रकार विज्ञान का सदुपयोग करके हम जीवन को सरल बना सकते हैं। वहीं विज्ञान का दुरुपयोग किस प्रकार मानव के लिये भयावह हो सकता है। प्रदर्शनी में कला संकाय के विद्यार्थियों द्वारा गढ़वाल की संस्कृति व श्रीराम मंदिर मॉडल प्रदर्शित किये गये। वाणिज्य संकाय के छात्रों ने बैंकों की कार्य प्रणाली, आधुनिक शापिंग माल व विज्ञान संकाय के छात्रों ने चन्द्रयान-3, विक्रम लैण्डर, आदित्य एल–वन, हाइड्रोलिक ब्रिज, इलेक्ट्रिक उपकरण, सोलर सिस्टम, पर्यावरण संरक्षण, वोल्केनो आदि विषयों में माडल और चार्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कनिष्ठ वर्ग के छात्रों ने वेस्ट मैंनेजमेंट, भूकम्प अलार्म, एनर्जी रिसोर्स, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम पर अपने माडल प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

# सड़क दुर्घटना में सहयोग करने वाले 9 लोगों को एसएसपी ने किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सड़क हादसों में घायलों को बचाने में आगे बढ़कर कार्य करने वाले 9 लोगों को एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एसएसपी ने लोगों से अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाने की अपील करते हुए कहा कि जब भी कहीं कोई दुर्घटना घटित होती है और जो लोग मौके पर मौजूद रहते है वह घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में पहुंचाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की इस अति महत्वपूर्ण योजना से लाभान्वित होने के साथ-साथ मानवता का धर्म निभा सकते है।

बीती 21 सितंबर को पाबौ चौकी क्षेत्र में एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर नदी में गिर गई थी। जिसमें 5 व्यक्ति जिनकी दुर्घटना के बाद ही मुत्यु हो गयी थी। मृतक व्यक्तियों की खोजबीन व रेस्क्यू करने के लिए स्थानीय निवासी हरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश, प्रदीप कंडारी, कर्मवीर भण्डारी, दीपक रावत, मनोज रावत, भरत रावत ने मदद की। इसके साथ ही थाना लैंसडौन क्षेत्र में एक वाहन गहरी खाई में गिर गया था। वाहन के गिरने की सूचना पर तत्काल स्थानीय निवासी मनोज बिष्ट, भारत सिंह रावत ने शवों को अथक परिश्रम करते हुये रेस्क्यू कर गहरी खाई से निकालने में स्थानीय पुलिस का सहयोग किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने इन सभी को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


एसएसपी श्वेता चौबे युवक को सम्मानित करते हुए।

# रामलीला का मंचन देखने बड़ी संख्या में पहुंच रहे भक्त

श्रीनगर गढ़वाल : जय शक्ति रामलीला समिति की ओर से भक्तियाना में आयोजित रामलीला में बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। रामलीला के दूसरे दिन प्रभु श्रीराम-ताड़का संवाद, मारीच-श्रीराम संवाद, सुबाहु लक्ष्मण संवाद, माता-अहिल्या लीला का मंचन किया गया। संवाद के दौरान विश्वामित्र मुनि वन में यज्ञ करते हैं। तभी कुछ निशाचार उनका यज्ञ विध्वंस कर देते हैं। व्यथित मुनि को अयोध्या के राजा दशरथ के घर भगवान विष्णु के पुत्र के रूप में जन्म लेने की जानकारी मिलती है। वह राम व लक्ष्मण को मांगने के लिए राजा दशरथ के दरबार पहुंचते हैं। निराश मन से राजा दशरथ, राम व लक्ष्मण को उन्हें सौंप देते हैं। इसी बीच मार्ग में राम राक्षसी ताड़का व मारीच सुबाहु का संहार कर देते हैं। इसके बाद राजा जनक विश्वामित्र को सीता स्वयंवर का बुलावा भेजते हैं। तभी मार्ग में पड़ी शिला के रूप में अहिल्या उद्धार करते हुए मुनि समेत दोनों राजकुमार गंगा तट पर पहुंचते है। जहां विश्राम के बाद प्रभु श्री राम व लक्ष्मण समेत मुनि जनकपुरी के लिये निकल जाते हैं। जहां पुष्प वाटिका में सीता की प्रभु श्री राम से मुलाकात हो जाती है। इस दौरान कलाकारों ने मंचन के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं दर्शकों ने भी कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रामलीला में शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विश्वामित्र की भुमिका में शुभम, राम मनन, लक्ष्मण अक्षु, ताड़का दिव्यांशु ठाकुर, मारीच रक्षित, नीरज बिष्ट साबुह, प्रियांशु ने अहिल्या का जीवंत अभिनय निभा रहे हैं। इस मौके पर मोहन सिंह नेगी, सुरेन्द्र सिंह नेगी, ललित मोहन नैथानी, जय शक्ति रामलीला समिति के अध्यक्ष दिनेश उनियाल, उपाध्यक्ष हर्षमणी थपलियाल, सचिव विष्णु नौडियाल, मनीष बडोनी, डायरेक्टर हिमांशु बहुगुणा, राजीव, कोषाध्यक्ष प्रकाश सती, सूर्यप्रकाश नौटियाल, व्यवस्थापक त्रिलोक चौहान, कुलदीप नवानी, प्रकाश रावत, रोहित बहुगुणा आदि लोग उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए राज्य व राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें : डीएम

### राजस्व उप-निरीक्षक प्रशिक्षुओं का एक वर्षीय प्रशिक्षण शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : नवनियुक्त राजस्व उपनिरीक्षकों का एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को राजस्व विभाग के कार्यों की बारीकियों के साथ-साथ एक कार्मिक द्वारा जन सेवक रुप में उनके दायित्वों के बारे में जानकारी दी। डीएम ने कहा कि सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए राज्य व राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनें। उन्होंने प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

बुधवार को प्रेक्षागृह में प्रशिक्षण का शुभारंभ डीएम डा. आशीष चौहान ने किया। इस दौरान बताया गया कि एक वर्ष तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में 79 राजस्व उप-निरीक्षक प्रशिक्षुओं को पहले 3 महीने तक व्यावहारिक, जबकि 9 महीने तक सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। डीएम ने प्रशिक्षुओं को सरकारी विभागों व जनता से समंवय स्थापित करते हुए कार्यों को करने, राजस्व ढांचे को समझने, विभिन्न स्तर के अधिकारियों के अधिकार व दायित्वों सहित कलेक्ट्रेट के सभी 44 पटलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षुओं को सजग व सक्रियता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए इस जानकारी का उपयोग जनकल्याण के लिए किये जाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर एसडीएम सदर अबरार अहमद, स्मृता परमार, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मनोज रावत, सहायक भू-लेख अधिकारी पूरण प्रकाश रावत आदि मौजूद रहे।



# नींद से जागा खाद्य सुरक्षा विभाग, मिठाईयों के लिए नमूने



**कोटद्वार** : त्योहार सीजन में आखिर खाद्य सुरक्षा विभाग व प्रशासन की नींद खुल ही गई हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग व प्रशासन की ओर से बाजार में बिकने वाली मिठाईयों के नमूने लिए गए। इस दौरान एक दर्जन से अधिक नमूने जांच के लिए भेजे गए। टीम ने खाद्य पदार्थ बेचने वालों को अपने प्रतिष्ठानों में सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप मिश्रा के नेतृत्व में झंडाचौक, लालबत्ती चौक, नजीबाबाद रोड, देवी रोड क्षेत्र में अभियान चलाया गया। टीम ने प्रतिष्ठानों में पहुंचकर मिठाई के साथ ही मावा, घेवर, बूंदी, पेड़ा, दाल, बेसन, मावा सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि दीपावली पर्व में खाद्या पदार्थों की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए प्रशासन व खाद्य सुरक्षा विभाग की विशेष टीम गठित की गई है। अभियान के दौरान व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। बताया कि यदि किसी उपभोक्ता को खाद्य पदार्थों में कुछ कमी महसूस होती है तो वह इसकी सूचना प्रशासन या खाद्य सुरक्षा विभाग को दे सकते हैं। इस मौके राजस्व निरीक्षक राकेश डबराल, दिनेश मोहन आदि मौजूद रहे।


# पुलिस पेंशनर्स पुलिस परिवार का अभिन्न अंग : एसएसपी

### एसएसपी ने सुनी पुलिस पेंशनर्स की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चाबे ने पुलिस पेंशनर्स के साथ उनकी समस्याएं पूछते हुए सुझाव मांगे। एसएसपी ने वेलफेयर एवं समस्याओं के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि पुलिस पेंशनर्स पुलिस परिवार का अभिन्न अंग है, उनकी समस्याओं का जल्द निस्तारण किया जाएगा।

बुधवार को एसएसपी कार्यालय में आयोजित बैठक में पुलिस पेंशनर्स द्वारा गोल्डन कार्ड का लाभ ना मिल पाने व पेंशन कार्ड न बनने की समस्या बताई। एसएसपी ने पुलिस पेंशनर्स से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने व समय-समय पर अपना हेल्थ चेक-अप कराते रहने, चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित बिलों को भुगतान के लिए पुलिस कार्यालय भेजने को कहा। एसएसपी ने कहा कि पुलिस पेंशनर्स कल्याण समिति के सदस्यों व उनके आश्रितों को विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान अपने-अपने ग्राम, मोहल्लों के लोगों, सहयोगियों से नशा उन्मूलन के संबंध में सहयोग की अपेक्षा की गई। एसएसपी ने संबंधित अधिकारी को गोल्डन कार्ड और पेंशन कार्ड के लाभ हेतु निर्धारित आवश्यक प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि सभी पुलिस पेंसनर्स को गोल्डन कार्ड का लाभ मिल सकें।


एसएसपी श्वेता चौबे बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

# वर्ष गांठ पर दीपक बड़ोला को किया याद


दुगड्डा में दीपक मोहन बड़ोला को श्रद्धांजलि देते लोग

**कोटद्वार** : दुगड्डा नगर पालिका के पूर्व पालिकाध्यक्ष दीपक मोहन बड़ोला की 56वीं वर्षगांठ पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सदस्यों दीपक बड़ोला के योगदान को भी याद किया।

आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों ने दीपक मोहन बड़ोला के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि दीपक मोहन बड़ोला ने सदैव सामाजिक हितों को लेकर कार्य किया। समाज सेवा में दिया गया उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। नगर पालिकाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने दुगड्डा क्षेत्र के बेहतर विकास को लेकर कार्य किया। श्रद्धांजलि देने वालों में राम अवतार, सौरव, राहुल जैन, नितेश भटनागर, रवि गोयल, संजीव कपूर, विपिन गर्ग, राम प्रसाद डोबरियाल, प्रेम, नरेन्द्र, प्रदीप बड़ोला, विजय पसबोला, बबली बिष्ट, संजीव कोटनाला आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार




रुद्रपुर। भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर को धमकी देने और रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने हरियाणा के हिसार निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से मोबाइल, एक तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। बीते सप्ताह रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के साले और भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर पुत्र कुशालचंद के घर के आंगन में कारतूस में लिपटा एक पत्र फेंककर गाली–गलौच औरा धमकी दी गई। इसके बाद फोन करके कई बार 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर ने पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकार बाजपुर के पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष गदरपुर में नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम लीडर राजेश पांडे, थाना अध्यक्ष गदरपुर ने मुखबिरों को सक्रिय करने के साथ ही विभिन्न सीसी टीवी कैमरा के अवलोकन और सर्विलांस टीम की मदद से धमकी में प्रयुक्त किए गए मोबाइल नंबरों की जांच शुरू कर दी।

### चम्पावत के डिग्री कॉलेजों में आचार संहिता लागू

चम्पावत। चम्पावत के सभी डिग्री कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव को देखते हुए अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही कॉलेज में आचार संहित लागू हो गई है। हालांकि अधिकतर कॉलेजों में अभी प्रत्याशियों का ऐलान नहीं किया जा सका है। चम्पावत डिग्री कॉलेज के प्राचार्य चंद्र राम ने बताया कि दो नवंबर को छात्र संघ चुनाव के नामांकन पत्रों की बिक्री की जाएगी। तीन नवंबर को नामांकन, चार नवंबर नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी और वैध सूची प्रकाशन की जाएगी। बताया कि सात नवंबर को मतदान के बाद तुरंत मतगणना की जाएगी। परिणाम की घोषणा के बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिले के सात डिग्री कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव कराए जाएंगे।

# डेंगू से बचने के उपाय बताए



रुद्रपुर। एम्स ऋषिकेश के चिकित्सकों की टीम ने स्कूली बच्चों को डेंगू बीमारी से बचने के उपाय के बारे में बताया। कहा कि डेंगू से बचाव के लिए कुमांऊ में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को एम्स की टीम ने लिटिल एंजेल स्कूल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया गया। कार्यशाला में एम्स ऋषिकेश में कम्युनिटी वेलनेस एंड मेडिसिन के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार पंत ने डेंगू बीमारी को एक बड़ी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि इसे जनसहयोग से ही समाप्त किया जा सकता है। पंत ने डेंगू के बचाव के लिए ऐवन प्लस वन का फार्मूला लागू करने का उपाय बताया। इसके अंतर्गत डेंगू का लार्वा परिपक्व होने में सात दिन लगते हैं। इसके लिए नमी जरूरी है। एक चम्मच पानी में भी बड़ी संख्या में मच्छर पैदा हो सकते है। इसलिए अपने घर में सातों दिन फ्रिज, कूलर, गमले व घर के आसपास इकठ्ठा होने वाले पानी की सफाई आवश्यक है। बुखार आने पर चिकित्सक से परामर्श करें। हल्द्वानी मेडिकल कालेज के डॉ. रुद्रेश नेगी ने डेंगू को सामाजिक समस्या बताते हुए कहा की जन सहयोग से ही डेंगू की समस्या से निपटना संभव है। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, हल्द्वानी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश भगत, लिटिल एंजेल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. बृजेश कुमार दुबे और मैनेजर जया रॉल्स्टन मौजूद रहे।

### तीन एसआई निरीक्षक बने

रुद्रपुर। जिले में नियुक्त तीन उप निरीक्षकों की निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने तीसरा स्टार लगाकर बधाई दी। इसमें एसआई दया चंद रजवार, एसआई भूपेश चंद्र पांडेय और एसआई विजय शंकर यादव शामिल हैं। तीनों के पिछले दिनों उप निरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत होने के आदेश यहां पुलिस कार्यालय पहुंचे।

# शिकायत पर नानकमत्ता मंडी के धान क्रय केंद्र प्रभारी को हटाया

रुद्रपुर। किसानों ने मार्केटिंग के नानकमत्ता मंडी में संचालित सरकारी क्रय केंद्र में बिचौलियों का धान चढ़ाने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से वार्ता की। एडीसीओ ने क्रय केंद्र प्रभारी रवीश कुमार को तत्काल प्रभाव से नानकमत्ता, सुनखरी व नगला केंद्रों के प्रभारी पद से हटाकर मुख्यालय में अटैच कर दिया है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह के नेतृत्व में किसान मंडी समिति नानकमत्ता पहुंचे। किसानों की मार्केटिंग के कांटे में धान नहीं तौलने की शिकायत पर उन्होंने सेंटर इंचार्ज से मुलाकात की। भाकियू नेता गुरसेवक सिंह ने बताया कि सेंटर में धान तौल का कांटा, नमी मापक यंत्र व बारदाना नहीं था। सेंटर इंचार्ज ने बताया कि केंद्र पर किसानों का धान नहीं आ रहा है, इसलिए तौल नहीं की जा रही है। किसानों ने जब तौल रजिस्टर देखा तो उसमें रोजाना धान तौल दर्शायी गई थी। किसान नेताओं ने उच्चाधिकारियों को पूरी घटना से अवगत कराते हुए आरोप लगाया कि रोजाना बिचौलियों का धान तौला जा रहा है। उन्होंने घोटाले का आरोप लगाते हुए सेंटर इंचार्ज को निलंबित करने की मांग की। एडीसीओ व सहकारी क्रय–विक्रय समिति के सचिव विकास शर्मा ने किसानों की शिकायत पर सेंटर इंचार्ज रवीश कुमार को तीन क्रय केंद्रों के प्रभारी पद से कार्यमुक्त करते हुए मुख्यालय से संबद्ध के आदेश निर्गत कर दिए हैं। उनके स्थान पर नरेश कुमार को सुनखरी व नगला के धान क्रय केंद्रों का प्रभारी बनाया गया है। दलजिंदर सिंह को नानकमत्ता मंडी स्थल का प्रभारी नियुक्त किया है। भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह ने जिलाधिकारी समेत शासन से सरकारी धान केंद्रों में हुई खरीद की जांच की मांग की है। यहां लखविंदर सिंह, जरनैल सिंह, बलजीत सिंह, अवतार सिंह, गुरमुख सिंह, जगतार सिंह मौजूद रहे।

### तकनीकी खराबी के चलते इंडिगो की दो फ्लाइट रद्द

रुद्रपुर। दिल्ली से पंतनगर आने वाली एक फ्लाइट और जयपुर से पंतनगर आनेवाली एक फ्लाइट तकनीकी दिक्कत के चलते रद्द हो गई है। वहीं दिल्ली से पंतनगर आकर वापस दिल्ली जाने वाली फ्लाइट का मार्ग बदलकर दिल्ली से पंतनगर वाया जयपुर से भेजी गई। टिकट बुक कर चुके यात्रियों के लिए इंडिगो प्रबंधन ने रोड से जाने का या दूसरे दिन टिकट बुक करने की सुविधा उपलब्ध कराई। इससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। पंतनगर एयरपोर्ट के निदेशक सुमित सक्सेना ने बताया की दो फ्लाइट तकनीकी दिक्कतों के चलते निरस्त हो गई हैं। इसमें दिल्ली से पंतनगर आने वाली फ्लाइट को जयपुर मार्ग से रवाना किया गया।

# पीआरडी कार्यालय का प्रशासनिक अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार



रुद्रपुर। विकास भवन स्थित पीआरडी कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी को रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार किया है।

उसने एक पीआरडी जवान से ट्रांसफर के लिए 10 हजार रुपये की मांग की थी। विजिलेंस टीम के अनुसार, एक पीआरडी जवान ने ऊधमसिंह नगर के पीआरडी कार्यालय में तैनात प्रशासनिक अधिकारी अश्वनी कुमार पुत्र ऋषिवीर सिंह निवासी ग्राम सिकंदराबाद उझानी, जिला बदायूं यूपी हाल निवासी कलेक्ट्रेट कॉलोनी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया था। आरोप है कि पीआरडी जवान से ड्यूटी पर लगवाने के लिए भी 10 हजार रुपये लिए गए थे। अक्तूबर माह में पीआरडी जवान को जिला आबकारी कार्यालय में ड्यूटी दे दी गई थी। इस बीच, पीआरडी जवान ने घरेलू समस्या का हवाला देते हुए प्रशासनिक अधिकारी से उसका ट्रांसफर गदरपुर क्षेत्र में करने का निवेदन किया। इस पर उससे ट्रांसफर के लिए फिर 10 हजार रुपये की डिमांड की गई। इसकी शिकायत उसने हल्द्वानी विजिलेंस से की। जांच में आरोप सही पाए गए।

शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे विजिलेंस टीम ने पीआरडी जवान से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए प्रशासनिक अधिकारी अश्वनी कुमार को उनके कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया। टीम में पुलिस उपाधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान हल्द्वानी अनिल सिंह मनराल, निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी के अलावा सिडकुल पुलिस शामिल रही।

# बागेश्वर से हरिद्वार को छड़ी यात्रा रवाना



बागेश्वर। पंच दशनाम जूना अखाड़ा से हरिद्वार के लिए छड़ी यात्रा रवाना हुई। इससे पहले जूना अखाड़ा में सरयू तट पर छड़ी पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। महंत शंकर गिरी महाराज नेतृत्व में यात्रा बागेश्वर से रवाना हुई। उन्होंने बताया कि छड़ी यात्रा का वृतांत 1100 साल पुराना है, लेकिन कुछ कारणों से यहां 40 साल से छड़ी यात्रा बंद थी। जिसे 2019 से फिर से शुरू किया गया है। संतों ने सुबह प्रातःकाल में छड़ी की पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि छड़ी में सभी देवी देवताओं का वास माना गया है। जिसमें सूर्य नारायण भी विद्यमान हैं और सभी प्रकार की वनस्पति और इंद्र का रथ भी। देवताओं का गुप्त चित्र भी है तरे 33 कोटि देवी–देवता भी छड़ी में विद्यमान हैं। सप्त ऋषि, ग्रहों का भी छड़ी में आह्वान किया जाता है। यह छड़ी एक देवता से दूसरे दवेता को मिलाती है। तीर्थ, प्राचीन मंदिरों का संगम कराती है। इस मौके पर जूना अखड़ा के राज गिरी, बागनाथ मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नंदन रावल आदि मौजूद रहे।

### दमकल विभाग ने किया नगर में फायर रिस्क निरीक्षण

बागेश्वर। दीपावली पर्व को देखते हुए दमकल विभाग ने नगर में फायर रिस्क निरीक्षण किया। इस दौरान लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर फायर उपकरणों के संचालन व रखरखाव के बारे में बताया। बुधवार को प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गणेश चंद्र के नेतृत्व में दमकल कर्मी व्यापारिक प्रतिष्ठान, पेट्रोल पंप, मिठ्ठाई की दुकानें, रेस्टोरेंट, आतिशबाजी विक्री क्षेत्र, हॉस्पिटल एवं नगर क्षेत्र के फायर हाइडेंट क्षेत्र का फायर रिस्क निरीक्षण किया। दुकान, रेस्टोरेंट के मालिकों वर्करों को फायर सेफ्टी, फायर उपकरणों को संचालन और उनके रख – रखाव के बारे जानकारी दी।

# राजीव नवोदय की अव्यवस्थाओं से डीएम खफा

चम्पावत। राजीव नवोदय विद्यालय लोहाघाट में डीएम नवनीत पांडेय ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान अभिभावक संघ ने स्कूल की अव्यवस्थाओं पर डीएम से शिकायत की। अनियमितता देख डीएम खासे नाराज हुए। अभिभावक संघ के अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी के साथ अन्य लोगों ने डीएम को बताया कि कुल 265 छात्र–छात्राएं यहां पढ़ाई करते हैं। जिसमें विद्यालय में एक अदद स्वच्छक तक नहीं है। जिससे बच्चे खुद शौचालय साफ करने को मजबूर हैं। इसके अलावा पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। ठंड के मौसम में गर्म पानी करने तक को सुविधा नहीं है। कहा कि विद्यालय में सोलर हीटर वर्षों से खराब पड़े हैं। छात्रावास में सुरक्षा कर्मी तैनात नहीं है। डीएम ने पूरे विद्यालय का निरीक्षण कर छात्र–छात्राओं से कई सवाल–जवाब किए। डीएम ने आधे अधूरे कार्य को छोड़ने पर कार्यदायी संस्था यूपी निर्माण निगम को तलब करने, पेयजल की व्यवस्था करने का समय दिया। इस दौरान अव्यवस्थाओं पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। इस मौके पर सीईओ भारत जोशी, नवोदय प्राचार्य राम कुमार मिश्रा, तहसीदार विजय गोस्वामी, बीईओ भानु प्रताप कुशवाहा, बाल कल्याण समिति सदस्य राजू गड़कोटी, गणेश जोशी आदि रहे।

### भारत–नेपाल मिलकर करेंगे वन्यजीवों का संरक्षण

चम्पावत। भारत–नेपाल के वन अफसर मिलकर वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कदम उठाएंगे। नेपाल के महेंद्रनगर में भारत–नेपाल के वन अफसरों की संयुक्त बैठक में इस पर सहमति बनी। वन्यजीवों के अशियानों को सुरक्षित रखने को दोनों देश मिलकर काम करेंगे। मंगलवार शाम नेपाल के महेंद्रनगर में भारत–नेपाल के वन अफसरों की बैठक हुई। बैठक में भारत की ओर से डब्ल्यूआईआई के वैज्ञानिक डॉ.नवीन चंद्र जोशी, ऋतिक नौटियाल,वन दरोगा महेश अधिकारी, मुनीष राणा, रमेश चंद्र जोशी, हर्षित जोशी, विरेंद्र चंद, धर्मानंद, खटीमा वन दरोगा भैरव सिंह बिष्ट रहे।

# लोहाघाट में मनाया करवाचौथ



चम्पावत। करवा चौथ का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर पालिका के रैन बसेरे में महिलाओं ने सामूहिक पूजा–अर्चना की। बुधवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लता वर्मा की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पं. बसंत बल्लभ उप्रेती ने विधिवत पूजा–अर्चना कर करवा चौथ पर्व के बारे में बताया। इस दौरान कौशल म्यूजिक एकेडमी के अध्यक्ष अजय कलखुड़िया के नेतृत्व में नन्हें कलाकारों ने कई संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## विभागीय प्रक्रिया अपनाने के बाद ही मिलेगा सब्सिडी का लाभ

बागेश्वर। सरकारी विभाग से मिलने वाली सब्सिडी का लाभ तभी मिलेगा जब लाभार्थी विभागीय प्रक्रिया अपनाएगा। जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता के माध्मस से लिए गए उपकरणों में अनुदान नहीं मिलेगा।

इसके लिए संबंधित विभागों में ऑनलाइन आवेदन जरूरी है। मालूम हो कि कृषि, उद्यान तथा मतस्य विभाग से 50 प्रतिशत अनुदान में कृषि उपकरण, बीज तथा अन्य सामग्री जाती है। योजना का लाभ लेने के लिए किसान इन उपकरणों को लेते हैं।

यदि कोई व्यक्ति किसी जनप्रतिनिधि या सामाजिक कार्यकर्ता से कृषि या अन्य उपकरण लेता है और बाद में कृषि या उद्यान विभाग से अनुदान राशि की मांग करता तो विभाग उसे लाभार्थी मानने के लिये बाध्य नहीं है। जब तक विभागीय प्रक्रिया अपनाकर आवेदन नहीं किया जाएगा तब तक व्यक्ति को अनुदान या विभागीय सहायता उपलब्ध होना संभव नहीं है। कृषि और उद्यान विभाग में अनुदान पर उपकरणों की खरीद के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। इसके लिए उन्होंने संपर्क नंबर भी जारी किए हैं। मुख्य कृषि अधिकारी 94101 71870,, उद्यान अधिकारी 94111 68321 तथा जिला मत्स्य अधिकारी 94113 16333 से संपर्क कर सकते हैं।

# छह दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण शुरू



बागेश्वर। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में छह दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण का आज से शुभारंभ कर दिया गया है। 30 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें बैंको के संबंधित सभी जानकारियां दी जाएगी। बैंको में कैसे खाते खोले जाते है और क्या क्या दस्तावेज लोन की प्रक्रिया आदि की जानकारी दी जाएगी। सभी को अपने आस पास के बैंको के द्वारा अपने क्षेत्र के लोगों के समाधान करने के लिए कार्य करेंगे। ग्रामीणों की समस्याओं को बैंको तक पहुंचना और उनका निराकरण करेंगे। दिनेश कुमार, निदेशक, चंदन भाकुनी, केदार सिंह कोरंगा, बलवंत सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

# चम्पावत का हो रहा चहुंमुखी विकासः मनवीर चौहान

चम्पावत। भााजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान चम्पावत पहुंचे। यहां उन्होंने प्रेस वार्ता कर सीएम धामी की ओर से जिले को आदर्श बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कुमाऊं का भ्रमण किया था। जिससे पर्यटन को चार चांद लगेंगे। कहा कि चम्पावत की जनता ने सीएम को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाया। चम्पावत के विकास के लिए वह सैकड़ों योजनाएं ला रहे हैं। भ्रष्टाचार को खत्म करने का धामी की सरकार ने काम किया है। नकल विरोधी कानून लागू किया है। जिससे अन्य राज्य भी लागू करने पर विचार कर रहे हैं। इस दौरान लोहाघाट के पूर्व विधायक पूरन फत्र्याल, भाजपा महामंत्री मुकेश कलखुडिया, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी मोहन अधिकारी रहे।

### मेले की अवधि न बढ़ाने की मांग की

चम्पावत। जीआईसी खेल मैदान लोहाघाट में चल रहे व्यापारिक मेले की अवधि न बढ़ाने की मांग को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल लोहाघाट ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने प्रशासन की ओर से मेले की अवधि न बढ़ाने की मांग की है। मेले की अनुमति बढ़ाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। व्यापार मंडल अध्यक्ष भैरव राय की ओर से एसडीएम रिंकू बिष्ट को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि खेल मैदान में विगत 20 अक्तूबर से व्यापारिक मेला आयोजित किया जा रहा है,

### राज्य स्तरीय खेलों में छाए ताड़ीखेत के कुलदीप

बागेश्वर। रायपुर देहरादून में हुई राज्य स्तरीय विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ताड़ीखेत पाली नदुली गांव निवासी कुलदीप रावत ने विभिन्न स्पर्धाओं में एक रजत व दो कांस्य पदक जीत क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इससे पहले भी नागेंद्र सिंह रावत के पुत्र कुलदीप रावत ने ताड़ीखेत व रानीखेत में आयोजित ब्लॉक व जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुलदीप ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए उंची कूद में रजत व बांसकूद व रिले दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया।

# न्यास ने बांटे गरीबों को कंबल



बागेश्वर। स्व. रंभा खेतवाल दांतव्य न्यास ने गरीब विद्यार्थियों को कंबल आदि वितरित किए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। राजकीय प्राथमिक विद्यालय फल्यांटी और राजकीय कन्या जूनियर हाइस्कूल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। न्यास के सचिव एवं शिक्षक चंदन सिंह ड्यारकोटी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सचिव ने बताया कि न्यास जरूरमंदों को हरसंभव मदद करता है। जिसके तहत इस वर्ष 28 विद्यार्थियों को गरम कंबल वितरित किए गए। ठंड अधिक होने पर उन्हें राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मानव धर्म सेवा करना सीखाता है। न्यास के माध्यम से अधिकाधिक जरूरमंदों को मदद की जा रही है। इस दौरान गोविंद गिरी, प्रधानाध्यापक नीमा पांडे, हेम चंद्र उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

# अफसर लक्ष्य निर्धारित कर रणनीति तैयार करें : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को 30 सूत्री कार्यक्रम के क्रियान्वयन की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों से संबधित प्रत्येक बिंदु पर लक्ष्य निर्धारित करने के साथ उसकी प्राप्ति हेतु रणनीति तैयार की जाए और योजनाओं की प्रगति को पोर्टल पर भी अपलोड करें।जिलाधिकारी ने रेखीय विभागों से संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए कहा कि जनहित में ऐसा कोई प्रोजेक्ट जो जनपद के लिए बहुत उपयोगी है और उसके लिए कही से बजट उपलब्ध नहीं है, उस योजना का प्रस्ताव दें और इसकी डीपीआर तैयार करें। जिन योजनाओं में निर्माण कार्य किए जाने है, उन योजनाओं में अन्य जो भी संभावनाएं हो सकती है, उनको भी प्रस्तावित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए योजना तैयार की जाए और निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने हेतु रणनीति के साथ काम करें। इस दौरान उन्होंने पर्यटक स्थलों को विकसित करने, इको टूरिज्म की विविध योजनाओं की परिकल्पना एवं क्रियान्वयन के निर्देश दिए। नगर निकायों में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण एवं सोर्स सेग्रीगेशन पर फोकस करने को कहा। सड़कों को गड्ढा मुक्त करने, सरकारी परिसंपत्तियों से अनाधिकृत कब्जा हटाने, सरकारी परिसंपत्तियों को किराए पर दिए जाने, पार्किंग एवं खेल सुविधा आदि कार्यों हेतु शीघ्र कार्ययोजना तैयार के निर्देश दिए। उन्होंने अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक बिन्दु पर संबधित विभाग से कार्य प्रगति की सूचना संकलित की जाए।

## संघर्ष समिति ने दी आंदोलन की चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति ने शहर की विभिन्न समस्याएं हल करने की मांग की है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि समिति काफी समय से शहर की समस्याओं के निस्तारण की मांग कर रही है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

कहा कि 15 नवंबर तक शहर की विभिन्न समस्याएं हल नहीं होने पर जनता के साथ उग्र आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक नमन चंदोला ने डीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान नमन चंदोला ने कहा कि शहर में ट्रंचिंग ग्राउंड नहीं होने से शहरवासी परेशान है। उन्होंने डीएम से जल्द ट्रंचिंग ग्राउंड का निर्माण करवाने, भवन कर व पानी के बिलों को कम करने, जिला अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाते हुए सरकारी अनुभवी चिकित्सकों की तैनाती करने, अतिक्रमण हटाने, अपर बाजार के दुकानदारों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए टैक्सियों का संचालन पूर्व की भांति एजेंसी चौक, लक्ष्मीनारायण मंदिर व अन्य स्थानों से करने की मांग उठाई। कहा कि जल्द इन समस्याओं का हल नहीं होने पर 15 नवंबर से स्थानीय लोगों के साथ आंदोलन किया जाएगा।

# राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित होगी प्रतियोगिताएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में आगामी 9 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। राज्य स्थापना दिवस पर विभन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डीएम ने अफसरों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर मैरथन दौड़, स्वास्थ्य विभाग द्वारा बूस्टर डोज लगाए जाने हेतु स्टॉल व शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, झांकियां और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।



बुधवार को डीएम सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि राज्य गठन में शहीद हुए शहीदों को एजेंसी चौक शहीद स्मारक में श्रद्धाजंलि अर्पित की जाएगी। कहा कि जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े माहानुभावों तथा राज्य आन्दोलनकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रुप से बुलाया जाए। कहा कि विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर विभागीय स्टॉल लगाकर लोगों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभाविंत भी किया जाएगा। डीएम ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस पर मैराथन दौड़ के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा बूस्टर डोज लगाए जाएगी।

बैठक में सीडीओ अपूर्वा पांडे, एसडीएम सदर अबरार अहमद, डिप्टी कलेक्टर स्मृता परमार, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद उनियाल, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री आदि शामिल रहे।

# इंटर्नशिप कौशल और स्टार्टअप यात्रा शुरू करने के दिए टिप्स

टिहरी : टीएचडीसी आईएचईटी में ई-सेल टीएचडीसी आईएचईटी ने ई-सेल आईआईटी बॉम्बे के सहयोग से एक उल्लेखनीय कार्यशाला आयोजित की। जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और उद्योग विशेषज्ञों को इंटर्नशिप कौशल और उद्यमिता की दुनिया में गहराई से जानने के लिए एक साथ लाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के लिए इंटर्नशिप और स्टार्टअप के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक व्यावहारिक मंच का उपयोग किया। कार्यशाला में प्रतिष्ठित वक्ता नीरज कुमार सेठिया ने आवश्यक इंटर्नशिप कौशल और स्टार्टअप यात्रा शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण विचार रखे। साथ ही विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर प्रस्तुति दी। संचार, समस्या-समाधान, समय प्रबंधन और अनुकूलनशीलता जैसे कौशल में महारत हासिल करने के महत्व पर प्रकाश डाला, ये सभी इंटर्नशिप के दौरान और किसी के करियर में सफलता के लिए अपरिहार्य हैं। इसके अलावा उन्होंने स्टार्टअप शुरू करने से पहले विभिन्न कारकों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उद्यमिता की जटिलताओं पर प्रकाश डाला। इन विचारों में बाजार अनुसंधान, व्यवसाय योजना, फंडिंग विकल्प और जोखिम मूल्यांकन शामिल थे। कार्यक्रम में टीएचडीसी आईएचईटी के निदेशक शरद प्रधान ने इस तरह के सहयोग के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया और छात्रों को एक सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करने की संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, जो उन्हें पेशेवर दुनिया की जटिलताओं के लिए तैयार करती है। कार्यशाला की संवादात्मक प्रकृति ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास, समूह चर्चा और व्यावहारिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति दी। जिससे वे सीखी गई अवधारणाओं को लागू करने में सक्षम हुए। नेटवर्किंग के अवसर प्रचुर मात्रा में हैं। जिससे छात्रों और उद्योग के पेशेवरों के बीच कनेक्शन की सुविधा मिली है। कार्यक्रम समवन्यक डीन अकादमिक डा. रमना त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को इंटर्नशिप में उत्कृष्टता प्राप्त करने और स्टार्टअप उद्यमों पर विचार करते समय समुचित निर्णय लेने का आग्रह करते हुए सभी का सधन्यवाद ज्ञापित किया। (एजेंसी)

## जर्जर पोलों और बिजली के झूलते तारों को बदलने की मांग

टिहरी : प्रधान संगठन देवप्रयाग ने ऊर्जा निगम से जुड़ी जानकारियों के लिए विभाग से ग्रामीण स्तर पर बैठक करने व विद्युत से जुड़ी जानकारी पहुंचाने के लिए हर गांव में बोर्ड लगाने की मांग की है। ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष सोबन सिंह चौहान ने बीपीएल परिवारों को सरकार की ओर से विद्युत संयोजन व बिलो में छूट दिये जाने के लिए प्रावधानों की जानकारी भी ग्रामीणों को दिए जाने की मांग की है। कहा कि, प्रति यूनिट छूट की जानकारी मिलने से बीपीएल परिवारों को काफी लाभ मिल सकेगा। वहीं अध्यक्ष चौहान ने कहा कि, देवप्रयाग ब्लॉक में जर्जर बिजली के खम्बों व झूलती तारों से लगातार जान जोखिम का खतरा बढ़ता जा रहा है।

## सत्यमेव जयते संगठन ने घोषित किए प्रत्याशी

टिहरी : सत्यमेव जयते छात्र संगठन ने नई टिहरी पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव के लिए अपने प्रत्याशी घोषित किये हैं। बुधवार को बौराड़ी में आयोजित बैठक में पीजी कॉलेज नई टिहरी के छात्रसंघ चुनाव के लिए संगठन ने उम्मीदवार घोषित करते हुए बीते वर्षों में कॉलेज में छात्र–छात्राओं के हित में किए गए कार्यों की जानकारी दी। छात्रसंघ अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हितेश चौहान, पूर्व यूआर प्रदीप रावत, दौलत रावत, विकास शाह, शुभम पाल, अंबुज गुनसोला, शंकर नेगी, प्रकाश राणा ने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि बीते कई सालों से संगठन से जुड़े छात्र नेता पीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव जीतते आए हैं, जिसका प्रमुख कारण संगठन का छात्र हितों के लिए सदैव आगे रहना है। उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र के लिए संगठन ने अध्यक्ष पद पर एमए प्रथम वर्ष के अमन पंत, उपाध्यक्ष बीएससी तृतीय वर्ष की सुहानी पुंडीर, महासचिव एमएससी प्रथम वर्ष के हितेष भट्ट, सह सचिव बीएससी तृतीय वर्ष के आशीष नेगी, कोषाध्यक्ष बीए प्रथम वर्ष के शुभम श्रीवाण और विवि प्रतिनिधि पद के लिए एमए प्रथम वर्ष के मोहित राणा को प्रत्याशी बनाया है। (एजेंसी)

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ विकास महोत्सव का आगाज

रूद्रप्रयाग : पांच दिवसीय तल्लानागपुर औद्योगिक विकास कृषि एवं पर्यटन महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ शुभारंभ हो गया। पहले दिन क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा मुख्य बाजार से मेला स्थल तक मार्चपास्ट किया गया। महोत्सव में स्थानीय छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सुनीता बर्त्वाल ने कहा कि तल्ला नागपुर की अपनी विशिष्ट पहचान है। इसलिए प्रदेश सरकार के प्रयासों से कार्तिक स्वामी पर्यटन सर्किट विकसित हुआ है। भविष्य में तल्ला नागपुर क्षेत्र में तीर्थाटन, पर्यटन की अपार सम्भावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि तल्ला नागपुर महोत्सव के आयोजन से स्थानीय कलाकारों को उचित मंच मिलने के साथ स्थानीय उत्पादों को भी बढ़ावा मिल रहा है। विशिष्ट अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष त्रिलोचन भट्ट ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति मिलती है। महोत्सव में शिरकत करने पहुंचे कांग्रेस नेता मनीष खण्डूड़ी ने कहा कि तल्ला नागपुर को प्रकृति ने अपने वैभवों का भरपूर दुलार दिया है, इसलिए भविष्य में यह क्षेत्र पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की सामूहिक पहल होनी चाहिए। महोत्सव सचिव महेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि स्थानीय जनता के सहयोग से इस बार आठवां तल्ला नागपुर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महोत्सव समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह मेवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। महोत्सव के पहले दिन राइंका चोपता, मयकोटी, बावई, विद्या मन्दिर सतेराखाल, जूनियर हाई स्कूल चोपता, दुर्गाधार, नव ज्योति पब्लिक स्कूल बावई, दुर्गा पब्लिक स्कूल दुर्गाधार, सरस्वती शिशु मन्दिर चोपता, सतेराखाल, चिल्ड्रेन एकेडमी सतेराखाल, चोपता, वीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल चोपता, कम्पयूटर सेन्टर चोपता, सैटकैंट पब्लिक स्कूल मयकोटी सहित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतियां दी। संगीत पर अनूप सिंह नेगी, भरत मैखुरी, शुभम डंगवाल मौन्टी मद्रवाल द्वारा साथ दिया जा रहा है। दर्शकों ने देर सांय तक महोत्सव का आंनद लिया। महोत्सव में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण, बाल विकास, उद्यान, कृषि, चमोली जिला सहकारी बैंक सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन महोत्सव मीडिया प्रभारी लक्ष्मण सिंह बर्त्वाल व जयवीर सिंह नेगी ने सयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पण्डित आशुतोष वशिष्ठ, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुवर सजवाण, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष लक्ष्मण रावत, विजयपाल सजवाण, महोत्सव उपाध्यक्ष गोकुल लाल टमटा, कोषाध्यक्ष दीप राणा, पंचम सिंह नेगी, प्रधान जीतराज, बृजमोहन नेगी, गुड्डु लाल, प्रधान अमित प्रदाली, क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह नेगी,गजाधर वशिष्ठ, देवेन्द्र कुनियाल, प्रबन्धक देवेन्द्र चौधरी, चौकी प्रभारी योगेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य विनोद किमोठी, धीरेन्द्र बर्त्वाल, आर पी सेमवाल, डा. शिखा पुण्डीर, डा. वैष्णवी कश्यप, हिम्मत रावत, भागमल सिंह नेगी, जीत सिंह मेवाल, यशपाल सिंह रावत, रणवीर सिंह फर्स्वाण वीरपाल सिंह नेगी, मानवेन्द्र कुमार, सहित महोत्सव समिति पदाधिकारी, सदस्य, जनप्रतिनिधि, स्थानीय व्यापारी, विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक, नौनिहाल, अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे। (एजेंसी)

# राष्ट्रपति के कार्यक्रमों को देखते हुए प्रशासन सर्तक

## डीएम ने लिया चौरास कैंपस का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा

टिहरी : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कीर्तिनगर चौरास क्षेत्रांतर्गत प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए डीएम मयूर दीक्षित ने एचएनबी गढ़वाल यूनिवर्सिटी श्रीनगर चौरास कैंपस का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कैंपस भ्रमण के दौरान डीएम ने हेलीपैड, पार्किंग, ऑडिटोरियम सेफ हाउस में समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के निर्देश दिए। सूचना विज्ञान अधिकारी को यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से कार्डिनेट कर कैम्पस में दो स्थानों पर लैंडलाइन, नेट कनेक्टिवी, फैक्स, कम्प्यूटर, स्टेशनरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर व अशुलिपिक सहित कार्यालय सेटअप तैयार करने के निर्देश दिये। आरवीएनएल के अधिकारी को कैम्पस में शैक्षणिक क्रिया कलाप केन्द्र के समीप पड़े मलबे को ब्यू कटर से कवर करने, पुल से कैम्पस तक आने वाली सड़क को ठीक करने, स्पीड ब्रेकर हटाने तथा कैम्पस के अधिकारियों, एएमए जिला पंचायत एवं ईओ नगर पंचायत कीर्तिनगर को हेलीपैड में साफ-सफाई करने, हैलीपैड के समीप नाली पर स्लैब रखने, अनावश्यक बोर्ड हटाने, सड़क के पोल एवं रेलिंग पर पेंट करने, झाड़ी कटान करने के निर्देश दिए। जल संस्थान को हैलीपैड पर लगातार पानी का छिड़काव करने, सीएमओ को दो स्थानों पर मेडिकल टीम, दवाइयां एवं स्वास्थ्य उपकरणों सहित चिकित्सालय की व्यवस्था करने तथा चार एम्बुलेंस की व्यवस्था करने को कहा। ऊर्जा निगम को पावर बैकअप सहित सुचारु विद्युत व्यवस्था करने, फायर विभाग को फायर सेप्टी चेक करने, वन विभाग को पेड़ों की लापिंग करने के निर्देश दिए। कैंपस के अधिकारियों को भी मंच सहित तमाम व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कुलपति अन्नपूर्णा नौटियाल, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, सीडीओ मनीष कुमार, सीएमओ मनु जैन, एसडीएम कीर्तिनगर सोनिया पंत, सीवीओ आशुतोष जोशी, डीपीआरओ एमएम खान, डीएसओ अरुण वर्मा, डीआईओ एनआईसी सौरभ रतूड़ी, एएमए जिला पंचायत संजय खंडूड़ी, एडीआईओ सूचना भजनी भण्डारी, यूनिवर्सिटी के ईई विजयानन्द बहुगुणा, रजिस्ट्रार धीरज शर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## रूद्रप्रयाग पुलिस को मिले एक अति उत्कृष्ट और तीन उत्कृष्ट सेवा पदक

रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर जनपद पुलिस परिवार के 4 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मानित हुए हैं। इनमें एक को अति उत्कृष्ट सेवा पदक और 3 को उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड द्वारा प्रदेश भर में वर्ष 2021–2022 के लिए अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किए जाने के लिए 24 व उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किए जाने के लिए 48 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के नामों की घोषणा की गई थी। राष्ट्रीय एकता दिवस पर रूद्रप्रयाग जनपद से गणेश बण्डवाल प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन रतूड़ा को अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है, जबकि जयपाल सिंह नेगी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग, मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस कुंवर सिंह व आरक्षी नागरिक पुलिस मदन प्रकाश मिश्रा को उत्कृष्ट सेवा पदक से से अलंकृत किया गया है। पुलिस मुख्यालय परिसर में पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड द्वारा पुलिस कार्मिकों को यह मेडल प्रदान किए गए।

## फिलीस्तीन में नरसंहार को तत्काल रोका जाए

टिहरी : गाजा में जारी जनसंहार के खिलाफ जन संगठनों के अखिल भारतीय आह्वान पर किसान सभा व सीटू के कार्यकर्ताओं ने नई टिहरी के सुमन पार्क में धरना देकर फिलीस्तीन के साथ एकजुटता दर्ज कर कहा कि नरसंहार को तत्काल रोका जाना चाहिए।

धरने में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा है कि फिलीस्तीन अपनी मातृभूमि पर संप्रभु अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है।

इजराइल की बमबारी में अस्पताल, स्कूल व संयुक्त राष्ट्र संघ के आश्रय स्थल भी नेस्तनाबूत होते जा रहे हैं। इजराइल संयुक्त राष्ट्र के सभी प्रस्तावों का उल्लंघन कर रहा है। इस आपराधिक युद्ध में भारी जनहानि हो चुकी है। फिलीस्तीन-अमेरिका गठबंधन की निंदा की है।

# सीएम धामी ने राज्य के विकास के लिए ऐतिहासिक निर्णय : द्विवेदी

रूद्रप्रयाग : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हेमंत द्विवेदी ने कहा कि राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं, साथ ही लगातार सीएम धामी राज्य की प्रगति के लिए कार्य कर रहे हैं। राज्य में होने वाले इन्वेस्टर समिट को लेकर सरकार कामयाब दिशा की ओर बढ़ रही है।

रुद्रप्रयाग में भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए द्विवेदी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तय लक्ष्य की वर्तमान दशक उत्तराखंड का दशक है। उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्यों की सूची में शुमार करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सवा करोड़ प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं के अनुरूप कृत संकल्पबद्ध होकर प्रयास कर रहे हैं, और राज्य को वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को उत्तम एवं आत्मा निर्भर राज्य बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लिया है। कहा कि धामी सरकार ने विकसित राज्य के बड़े लक्ष्य को पाने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर समिट से निवेश प्राप्त करने का लक्ष्य भी बड़ा रखा, 2.5 लाख करोड़ रुपये, सीएम धामी के अथक प्रयाओं से अब तक करीब 69,300 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त कर चुके हैं। अब तक साइन हुए इन एमओयू में हाल के बेंग्लेरू दौरे में 4600 करोड़, चेन्नई दौरे में 10,150 करोड़, यूएई में 15,475 करोड, ब्रिटेन में 12,500 करोड़ एवं दिल्ली में आयोजित दो अलग-अलग कार्यक्रमों में 26,575 करोड़ के एमओयू (4 सितंबर को 7600 करोड़ एवं 4 अक्टूबर को दिल्ली रोड शो के दौरान 18975 हजार करोड़ रूपये) किये जा चुके हैं। इससे पहाड़ से पलायन तो रुकेगा ही साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, तीर्थाटन के क्षेत्र में बेहतर कार्य होंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार भी मौजूद थे। (एजेंसी)

## सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आज कंडारा में

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड रुद्रप्रयाग गुरूवार को विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत कंडारा में ग्रामीणों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान ग्रामीणों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही जन समस्याओं के श्रवण के साथ–साथ निर्मित/निर्माणाधीन योजनाओं, पेंशनरों आदि का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।



## छात्रसंघ चुनाव हेतु एनएसयूआई ने प्रत्याशियों की घोषणा

ऋषिकेश। राजकीय महाविद्यालय डोईवाला में छात्रसंघ चुनाव के लिए एनएसयूआई ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एनएसयूआई से अध्यक्ष पद पर संजू ठाकुर और महासचिव के लिए आशीष पंवार को प्रत्याशी बनाया है। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने प्रत्याशियों की सूची जारी की है। इसमें अध्यक्ष पद पर संजू ठाकुर, उपाध्यक्ष पद पर योगिता कोहली, महासचिव पद पर आशीष पंवार, सह सचिव पर रितिका, कोषाध्यक्ष पद पर पलक खत्री, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के लिए इंदु कश्यप को प्रत्याशी घोषित किया गया है। चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष मुकेश प्रसाद ने कहा कि एनएसयूआई इस बार कॉलेज में इतिहास रचेगी। अध्यक्ष प्रत्याशी संजू ठाकुर ने कहा कि छात्र–छात्राएं इस बार कॉलेज में बदलाव चाहते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य कॉलेज में एमएससी, एमकॉम की कक्षाओं का संचालन, सरकारी कैंटीन, जरनेटर, शिक्षकों की भर्ती आदि करवाना है।

# योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए समन्वय बनाकर कार्य करें : रमोला

टिहरी : सहकारिता विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक लेते हुये डीसीबी अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए समन्वय बनाकर कार्य करें। स्वरोजगार शुरू करने में सहकारिता विभाग की योजनाएं कारगर साबित हो रही हैं। उन्होंने पैक्स समितियों के जल्द से जल्द शत प्रतिशत कंप्यूटराइजेशन करने के निर्देश दिए।बुधवार को डीसीबी सभागार में जिला सहकारी बैंक (डीसीबी) अध्यक्ष सुभाष चंद रमोला ने बैठक लेते सीएचसी, जन औषधि केंद्र, पेट्रोल डीजल डीलरशिप, गैस एजेंसी, अन्न भंडारण योजना, मिलेट मिशन, माधो सिंह भंडारी, संयुक्त खेती योजना आदि की प्रगति की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कहा कि सरकार की योजनाओं का आमजन को लाभ मिलना चाहिए, अधिक से अधिक लोगों योजनाओं को जोड़ा जाय। उन्होंने पैक्स समितियों को कार्य व्यवसाय बढ़ाने पर जोर दिया। कहा पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियों का भी विवरण प्रस्तुत करते हुये कहा कि जिला सहकारी बैंक का एनपीए कम हुआ है, जबकि डिपॉजिट और लोन बड़ा है। बैंक सरकारी योजनाओं में सौ प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कर रहा है, कहा जल्द बैंक मोबाइल और नेट बैंकिंग की सुविधा भी शुरु करेगा। अपर निबंधक आनंद शुक्ला ने विभाग की प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने सचिव, महाप्रबंधक एवं जिला सहायक निबंधक को आईटी विशेषज्ञों का सेल बनाकर पैक्स कंप्यूटराइजेशन के कार्यों में और गति लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सहायक निबंधक सुरेंद्र पाल, राजेश चौहान, महाप्रबंधक संजय रावत, डीजीएम बीएस पुंडीर, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## सूखा पेड़ काटने की मांग की

विकासनगर। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत रसूलपुर में बिजली के करंट से सूखा पेड़ कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकता है। लोगों ने कई बार यूपीसीएल के अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं किया गया। उनका कहना है पेड़ के गिरने से बिजली का पोल भी गिर सकता है, जो बड़े हादसे का कारण बनेगा। क्षेत्रवासी रेनू, सुमन चौहान, दशरथ जोशी, मनोहर राणा ने बताया कि बरसात के दिनों में पेड़ पर करंट आ जाता है। घनी आबादी के बीच में होने के कारण हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। खासकर बच्चों के करंट की चपेट में आने का भय बना रहता है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**नीलामी सूचना**

सहायक मंडल अभियंता/मुरादाबाद के अधीन मुरादाबाद मालगोदाम में सुविधाओं के विस्तार में बाधक 13 पेड़ों की नीलामी सहायक मंडल अभियंता /मुरादाबाद के कार्यालय में की जायेगी नीलामी के इच्छुक पार्टियों को आमंत्रित करता है कि वे नीलामी में भाग लें। नीलामी स्थान – सहायक मंडल अभियंता/उत्तर रेलवे मुरादाबाद के अधीन दिनाक 21.11.2023 को समय प्रातः 11:00 बजे नीलामी की जायेगी। **1.** प्रत्येक क्रेता को नीलामी के दिन सहायक मंडल अभियंता/मुरादाबाद के कार्यालय में रुपये 100/– केवल नकद जमा करने होगे जो वापसी नहीं किए जाएंगे तथा भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक उत्तर रेलवे मुरादाबाद के पक्ष में रुपये 8000/– के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा करना होगा। **2.** प्रत्येक क्रेता को जो नीलामी में भाग ले रहा है उसे नीलामी के द्वारा बिक्री से सम्बन्धित नियमो एवं भत्तों की जानकारी रखनी होगी। **3.** सफल खरीददार को उसी दिन भारतीय स्टेट बैंक या अन्य राष्ट्रीय कृत बैंक के द्वारा प्रवर मण्डल वित्त प्रबन्धक मुरादाबाद के पक्ष में निम्नलिखित दर से डिमाण्ड ड्राफ्ट नगद स्टेशन अर्निंग में जमा करना होगा। **क.** रु० 1,00,000/– से अधिक की खरीद पर बिक्री मूल्य का 10 प्रतिशत एवं कम से कम रु० 25,000/– (जो भी अधिकतम हो) **ख.** नीलामी की कीमत का बाकी पैसा 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा (नीलामी के दिन को जोड़कर) ग. जी.एस.टी @ 18% कुल कीमत पर देय होगा जो कि 10 दिन के अन्दर जमा करना होगा। (नीलामी के दिन को जोड़कर) **4.** पैसे जमा करने की दिनांक से 60 दिन के अन्दर कार्य सम्पूर्ण करना होगा। (नीलामी के दिन को जोड़कर) **5.** रेलवे को अधिकार होगा कि वह किसी भी समय कार्य को बन्द कर सकती है। ऐसी परिस्थिति में बची हुयी राशि बिना ब्याज के वापिस कर दी जाएगी। **6.** पेड़ो का सम्पूर्ण विवरण लोकेशन सहित मण्डल कार्यालय मुरादाबाद में उपलब्ध रहेगा। **7.** खरीददार पेड़ों की लोकेशन को ध्यान में रखते हुए रेट बोलें। **8.** माल की सुपुर्दगी एवं डिलीवरी सीनियर सेक्शन इंजीनियर/कार्य, आर०पी०एफ० एवं आई०एस०ए० की उपस्थिति में की जाएगी। **9.** बाकि रकम 10 दिन के अन्दर जमा करनी होगी (नीलामी के दिन को जोड़कर) अन्यथा पहली रकम जो जमा की गई है वो जब्त हो जाएगी। **10.** खरीददार रेलवे की जमीन पर कोई कच्ची या पक्की छोपडी इत्यादि नहीं बना सकता। **11.** बोली बेस प्राइस से नीचे नहीं लगायी जाएगी। **12.** डिमाण्ड ड्राफ्ट सहायक मंडल अभियंता/उत्तर रेलवे मुरादाबाद में नीलामी के दिन प्रात 9:00 बजे से 10:30 तक जमा किए जायेंगे बाद में कोई डिमाण्ड ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जाएगा। **No. S/WA/Store/tree/MB/23-24**

दिनांकः **27.10.2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3408/23

## दीपावली से पहले आम आदमी को झटका : फिर महंगा हुआ एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** नवंबर महीने की शुरुआत होते ही महंगाई ने आम आदमी को एक बार फिर से झटका दिया है। प्याज की बढ़ती कीमतों के बीच अब पेट्रोलियम कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में भी बढ़ोतरी की है। 1 नवंबर 2023 से 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर 100 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, 19 किलोग्राम का सिलेंडर अब दिल्ली में 1833 रुपये में मिलेगा, जबकि इससे पहले यह 1731 रुपये का मिल रहा था। वहीं, मुंबई में सिलेंडर की कीमत 1684 रुपये से बढ़कर 1785.50 रुपये हो गई हैय़ कोलकाता में कामर्शियल सिलेंडर 1839.50 रुपये से बढ़कर 1943 रुपये हो गई है, चेन्नई में कामर्शियल सिलेंडर अब 1999.50 रुपये का हो गया हैय़

## यूपी में टमाटर के बाद प्याज के दाम आसमान पर

**लखनऊ ,(एजेंसी)।** टमाटर के बाद अब प्याज त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाल रहा है। खुदरा बाजार में प्याज की कीमत पिछले एक सप्ताह में दोगुनी हो गई हैं, जो 30–35 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 60–80 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं।

पिछले चार महीनों में यह दूसरी बार है जब अगस्त के बाद प्याज की कीमतें बढ़ी हैं, जब प्याज 100 रुपये के पार पहुंच गया था। कुछ महीने पहले टमाटर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के बाद इसने रसोई के बजट पर दबाव डाला है। प्याज की कीमतों में यह वृद्धि परिवारों और रेस्तरां वालों के लिए परेशानियों का सबब बनी हुई है। व्यापारियों को चिंता है कि आने वाले महीनों में कीमतें बढ़ती रह सकती हैं। प्याज की ऊंची कीमतों के कई कारण हैं।

थोक विक्रेताओं के अनुसार, इस साल की शुरुआत में खराब मौसम, ज्यादा गर्मी, नियमित बारिश के कारण प्याज की फसल खराब हो गई, जिसके चलते थोक प्याज की कीमतें बढ़ गईं। सीतापुर मंडी के एक व्यापारी पप्पू सोनकर ने बताया, वर्तमान में हमें स्थानीय बाजार में केवल 20–30 ट्रक प्याज मिल रहा है। हाल ही में पड़ोसी राज्य में प्याज व्यापारियों की हड़ताल से भी आपूर्ति बाधित हुई, जिससे कीमतों में बढ़ोतरी हुई।कई रेस्तरां पहले ही सलाद की प्लेटों से प्याज हटा चुके हैं, जबकि स्ट्रीट फूड विक्रेताओं ने भी प्याज का उपयोग कम कर दिया है। पुराने शहर में रेस्टोरेंट चलाने वाले नजमुल हसन ने कहा, प्याज की बढ़ती कीमत हमारे कारोबार पर काफी दबाव डाल रही हैं। प्याज हमारे मांसाहारी व्यंजनों में महत्वपूर्ण है और जब इसकी कीमतें बढ़ती हैं, तो यह हमारे भोजन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। बड़े रेस्तरां के विपरीत, हम सलाद और प्याज के लिए अतिरिक्त शुल्क नहीं ले सकते हैं, और इससे हमारे लिए लाभदायक बने रहना मुश्किल हो रहा है।'

## मुश्किल में फंसी चर्चित लोक गायिका हेमा पांडेय, पुलिस से बदसलूकी के आरोप में एफआईआर दर्ज

**आरा ,(एजेंसी)।** बिहार की चर्चित लोक गायिका हेमा पांडेय और उनकी दो बहनों सहित 14 लोगों के खिलाफ भोजपुर जिले के एक थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में पुलिसकर्मियों से उलझने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप है। यह पूरा मामला धोबहा ओपी के अगरसंडा गांव का है। दरअसल, पिछले 17 अक्टूबर को अगरसंडा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में मारपीट हुई थी।

# जम्मू–कश्मीर: 47 पाकिस्तानी आतंकी खत्म, अब बचे 71 विदेशी दहशतगर्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर में इस साल सुरक्षा बलों की मुठभेड़ में कुल 60 आतंकी मारे गए हैं। खास बात ये है कि मारे गए दहशतदर्गों में 13 लोकल और 47 विदेशी आतंकी थे। पीर पंजाल की गुफाओं सहित जम्मू–कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में छिपे सक्रिय कुल आतंकियों की संख्या पर गौर करें, तो इसमें से 36 स्थानीय और 71 विदेशी यानी पाकिस्तान मूल के आतंकी बताए जाते हैं। भारतीय सुरक्षा बलों का दावा है कि पिछले कुछ समय में कोई भी ऐसी बड़ी घुसपैठ नहीं हुई है, जिसमें पाकिस्तान के आतंकियों ने सीमा पार की हो। ऐसे कई प्रयास हुए हैं, मगर उन्हें सुरक्षा बलों ने अपनी कार्रवाई के जरिए असफल कर दिया था। यहां पर एक सवाल उठ रहा है कि जब सीमा पर बड़ी घुसपैठ नहीं हुई है, तो इतने विदेशी आतंकी कहां से आ गए। सुरक्षा एजेंसियां इस बात पर भी गंभीरता के साथ विचार कर रही हैं कि नेपाल का मार्ग, आतंकियों के भारत में प्रवेश करने का 'एंट्री प्वाइंट' तो नहीं बन रहा।

जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों के साझा ऑपरेशन में इस वर्ष 60 आतंकी मारे गए हैं। 12 अक्तूबर से 26 अक्तूबर के बीच तीन आतंकी/मददगार पकड़े गए थे। गत वर्ष 137 आतंकी सक्रिय थे। इनमें 55 स्थानीय और 82 विदेशी दहशतगर्द शामिल थे। जम्मू कश्मीर में मौजूदा समय में कुल 107 आतंकी सक्रिय बताए जाते हैं। इनमें से 36 स्थानीय आतंकी हैं, जबकि विदेशी आतंकियों की संख्या 71 है। 2022 में 187 आतंकी मारे गए थे। इनमें से स्थानीय आतंकी 130 थे, जबकि विदेशी आतंकियों की संख्या 57 थी।



2023 में 60 आतंकी मारे गए हैं, जिनमें से 13 स्थानीय और 47 विदेशी आतंकी हैं। जम्मू–कश्मीर में 2021 में 180, 2020 में 221, 2019 में 157 और 2018 में 257 आतंकी मारे गए थे। सेना एवं दूसरे सुरक्षा बलों का दावा है कि हाल–फिलहाल कोई बड़ी घुसपैठ नहीं हुई है। सीमा पर पुख्ता चौकसी है। ऐसे में वे आतंकी कहां से और कैसे घुसे हैं, यह पता लगाया जा रहा है। पाकिस्तान के आतंकियों ने कहीं नेपाल के रास्ते तो भारत में प्रवेश नहीं किया है, इस बात का पता लगाया जा रहा है।

जम्मू कश्मीर में विदेशी मूल के आतंकियों की संख्या ज्यादा है। पाकिस्तान की इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई, अपने गुर्गे आतंकी संगठनों की मदद से जम्मू कश्मीर में 'हाइब्रिड' आतंकियों की भर्ती कर रही है। घाटी में हाल–फिलहाल में कोई बड़ी घुसपैठ नहीं हुई है। संभव है कि सभी विदेशी आतंकी कई वर्षों से घाटी में कहीं पर छिपे हों। सुरक्षा बलों की वहां तक पहुंच न हो सकी हो। जम्मू कश्मीर पुलिस, आईबी, आर्मी एवं अन्य एजेंसियां आतंकियों के ठिकाने तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। इन आतंकियों को घाटी में किसी न किसी तरह की मदद तो मिल ही रही है, इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। सीमा पार के आतंकी संगठन, पाकिस्तानी आतंकियों को बचाना चाहते हैं। वे ज्यादा से ज्यादा 'हाइब्रिड' आतंकी तैयार कर रहे हैं। हाइब्रिड आतंकियों की मदद से ही टारगेट किलिंग की वारदात को अंजाम दिया जाता है। ये आतंकी, पब्लिक के बीच ही अंडर ग्राउंड वर्कर बनकर काम करते हैं। इन पर पुलिस या आम जनता को शक नहीं होता, क्योंकि ये उनके बीच में ही रहते हैं।

जम्मू–कश्मीर में हाइब्रिड आतंकियों ने पिछले तीन दिन में तीन वारदातों को अंजाम दिया है। पुलवामा में 29 अक्तूबर को आतंकियों ने उत्तर प्रदेश के एक श्रमिक को गोली मार दी। इसके बाद 30 अक्तूबर को श्रीनगर में क्रिकेट खेल रहे जेकेपी के इंस्पेक्टर मसरूर अहमद वानी को गोली मारी गई थी। 31 अक्तूबर को बारामूला में जम्मू–कश्मीर पुलिस के हवलदार गुलाम मोहम्मद डार को गोली मारी गई थी। जेएंडके में जब कोई युवा गायब हो जाता है, तो गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की जाती है। जम्मू कश्मीर पुलिस, लापता हुए युवक का पता लगाने का प्रयास करती है। दो तीन सप्ताह बाद असल खेल शुरू होता है।

एक तरफ गुमशुदा युवक के परिजन और पुलिस उसे खोज रही होती है और दूसरी ओर तभी उस युवक की तस्वीर सोशल मीडिया पर आ जाती है। तस्वीर में वह युवक किसी आतंकी संगठन के सदस्य के तौर पर हथियार लहराता हुआ नजर आता है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों द्वारा उसे सक्रिय आतंकी मान लिया जाता है। कई युवाओं को इसी तरीके से सक्रिय आतंकी बना दिया जाता है।

सूत्रों के अनुसार, आतंकी संगठनों को यह बात अच्छे से मालूम होती है कि पुलिस और परिजन, लापता युवक की खोजबीन में लगे हैं। घाटी में कई ऐसे उदाहरण मौजूद हैं, जिनमें कई युवा कुछ समय बाद ही हथियार छोड़कर दोबारा से मुख्यधारा में शामिल हो गए। आतंकी संगठन, गुमराह युवक का ब्रेनवॉश कर देते हैं। इसके बाद जब उन्हें लगता है कि वह युवक अभी भी पूरी तरह से आतंक की राह पर चलने को तैयार नहीं है और वह मुख्यधारा में लौटना चाहता है, तो वे उस युवक का आतंकी संगठन के साथ फोटो वायरल कर देते हैं। इसके बाद वह युवक अधर में फंस जाता है। हथियार के साथ जैसे ही उसका फोटो सार्वजनिक होता है, तो पुलिस उसका नाम, सक्रिय आतंकियों की सूची में डाल देती है। ऐसे में वह युवक, चाह कर भी मुख्यधारा में वापसी नहीं कर पाता। पिछले चार साल में महज दर्जनभर आतंकियों का सरेंडर, आतंकी संगठनों की इस कहानी पर मुहर लगाता है।

### कमलनाथ का शिवराज पर पलटवार, बोले

## सच स्वीकार करने के लिए धन्यवाद

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने निशाना साधा है। उन्होंने शिवराज के बयान पर पलटकर जवाब देते हुए कहा कि जनता जान गई प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने वाली है। जनता इस बार भ्रष्ट सरकार को प्रदेश से हटा देगी।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर पलटवार किया है। पीसीसी चीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि शिवराज जी आपकी साफगोई के लिए बहुत–बहुत धन्यवाद। यह बहुत अच्छी बात है कि आपने अपने अपराधों को पहचान लिया और खुद ही सत्ताच्युत करने के लिए जनता का आह्वाहन कर लिया। आपने कहा कि मध्यप्रदेश को ऐसे हाथों में न सौंपें जो मध्यप्रदेश की तबाही और बर्बादी के लिए जिम्मेदार थे, जिन्होंने मध्यप्रदेश को अंधेरों का गड्ढों का प्रदेश बना दिया था, भ्रष्टाचार और घोटालों का प्रदेश बना दिया था। यह सारे काम आपने किए हैं और जनता आपको कुर्सी से हटाने वाली है।

कमलनाथ ने आगे सीएम शिवराज पर तंज कसते हुए लिखा कि आपकी पार्टी ने आपको पहले ही मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाया है। जनता आपकी पार्टी को भी सत्ता से बाहर कर रही है। आपकी भावना का सम्मान करते हुए जनता ने तय कर लिया है कि व्यापम घोटाला, पटवारी भर्ती घोटाला, महाकाल लोक घोटाला, आरक्षक भर्ती घोटाला और आयुष्मान कार्ड घोटाला करने वालों को जनता इस बार सत्ता से बाहर कर देगी।

## भारतीय नौसेना को बड़ी सफलता, बंगाल की खाड़ी में किया ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** भारतीय नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइल की सफल फायरिंग की है। नौसेना ने बुधवार 1 नवंबर को बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस की यह फायरिंग की। नेवी के कई डिस्ट्रॉयर्स पर ब्रह्मोस मिसाइल तैनात की गई है। नौसेना के नीलगिरी, शिवालिक और तलवार क्लास के फ्रिगेट में भी ब्रह्मोस मिसाइल तैनात है। नौसेना ने बुधवार को किए गए परीक्षण से जुड़ी एक तस्वीर भी जारी की है।रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसे भारत और रूस ने मिलकर विकसित किया है। इसका नाम ब्रह्मपुत्र और मॉस्कवा नदियों के नाम को मिलाकर रखा गया है।

# केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद ने क्यों दिलाई 'भूराबाल' की याद

**पटना, एजेंसी।** पटना एयरपोर्ट पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राष्ट्रीय जनता दल, पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा है। राजद विधायक द्वारा मां दुर्गा पर दिए गए विवादित बयान पर नित्यानंद राय ने कहा कि इस देश में सभी राम–कृष्ण, वाल्मिकी रविदास, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, महावीर–बुद्ध और गुरु गोविंद सिंह के वंशज हैं। कोई महिषासुर का वंशज नहीं है। यादव समाज को महिषासुर का वंशज बताकर उन्होंने बहुत बड़ा अपराध किया है। मैंने तेजस्वी यादव से मैं कहना चाहूंगा कि



आप इस तरह लगातार सनातन के देवी देवताओं को अपमानित करते रहते हैं। आपके एक विधायक ने यादवों को महिषासुर का वंशज बता दिया और आपने अब तक कार्रवाई नहीं की। यह आपके संस्कार को बताता है। कुर्सी और परिवार के जीना और परिवार के लिए सत्ता प्राप्त करना इनकी नियति में है।

नित्यानंद राय यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि कभी राजद के लोगों ने कहा कि भूरा बाल साफ कर देंगे। भाजपा जिन अतिपिछड़े समाज को पंचामृत कहती है, उसे राजद पंचफोरना कहती है। यहां तक कह दिया कि इसको कड़ुआ तेल गर्म कर उसमें डाल दो छनक जाएगा। इस तरह का बयान आपके लोग क्यों दे रहे हैं। इस तरह की बयानबाजी तेजस्वी यादव के संरक्षण में हो रही है। लालू जी भी यह सब चुपचाप देख रहे हैं, वह कुछ कह भी नहीं पा रहे हैं।

### केजरीवाल पर पटना में बोले

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जिस प्रकार से नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने बिहार की जनता से वादा किया था, उसके मुताबिक अब कुछ नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री कुंभकरणी नींद में सो रहे हैं। तेजस्वी यादव खुद ही अपने पास छह–छह विभागों को लेकर बैठे हुए हैं। उस विभागों में कितना घोटाला हुआ है, यह तो पूरा बिहार और देश की जनता जानती है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी के समन पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि जो भ्रष्टाचार में लिप्त रहेगा, उसपर कानून अपना शिकंजा कसेगी ही न। जांच एजेंसी अपना काम कर रही है। जो लोग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, कानून उनपर जरूर कार्रवाई करेगी। महुआ मोइत्रा के सवाल पर कहा कि निशिकांत जी जो बोलते हैं, वह सोच समझ कर बोलते हैं।

## बिहार में चलती ट्रेन में छेडख़ानी और छीनाझपटी, आरोपी को यात्रियों ने पकड़ा

**मुजफ्फरपुर ,(एजेंसी)।** त्योहारों के मौके पर ट्रेन में यात्रियों की भीड़ बढ़ी है तो चोर, उच्चके भी हाथ साफ करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, 02563 क्लोन एक्सप्रेस में चलती ट्रेन में एक महिला से छेडख़ानी और छीनाझपटी की घटना प्रकाश में आई है। हालांकि यात्रियों ने आरोपी को धर दबोचा।

पुलिस के मुताबिक, 02563 क्लोन एक्सप्रेस से अपने पति के साथ यात्रा कर रही एक महिला का आरोप है कि बरौनी से ट्रेन खुलने वाली थी, वह शौचालय गई थी। वहां से निकलने के दौरान एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकत की। जब उसने शोर मचाना शुरू किया तो उसने कान की बाली भी छीनने का प्रयास किया।

# कर्नाटक: 'कोई भी पार्टी लाइन से बाहर..', नेतृत्व परिवर्तन पर टिप्पणी करने वाले नेताओं को कांग्रेस की चेतावनी

**बंगलुरू, एजेंसी।** कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी और महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंत्रिमंडल में फेरबदल और नेतृत्व परिवर्तन जैसे मुद्दों पर खुली टिप्पणी को लेकर पार्टी विधायकों, नेताओं और मंत्रियों को बुधवार को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी अनुशासन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साथ पार्टी और राज्य में सरकार से जुड़े मुद्दों और 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर बैठक की और फिर मीडियाकर्मियों से बात की।



सुरजेवाला ने कहा, हमने अपने कुछ मंत्रियों और विधायकों द्वारा दिए गए विभिन्न बयानों के मुद्दे पर संक्षेप में चर्चा की है और मैंने केपीसीसी प्रमुख से कहा है कि जो भी पार्टी लाइन से बाहर हो रहा है, उन्हें हमने चेतावनी दी है।

मैंने फिर से बहुत साफ और स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी मंत्री, विधायक, पार्टी नेता को पार्टी के अनुशासन का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में ढाई घंटे तक चली बैठक के बाद उन्होंने कहा कि जो कोई भी ऐसा करता है, वह पार्टी को बड़ा नुकसान पहुंचा रहा है और अगर कोई इसके अनुरूप नहीं करता है तो पार्टी को उचित कार्रवाई करने के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि पूरा राज्य कैडर, चाहे वह ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हो, जिला अध्यक्ष हो, फ्रंटल संगठन हो, विधायक हो, विधायक उम्मीदवार हों, मंत्री और सरकार के अन्य पदाधिकारी हों, हमेशा पार्टी अनुशासन का पालन करें और यह सुनिश्चित करें कि पार्टी का एजेंडा लागू हो।' उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट शब्दों में बता दिया गया है और अगर जरूरत पड़ी तो हमें सख्ती बरतनी होगी।

राज्य कांग्रेस में हा के कुछ घटनाक्रमों से इस बात की अटकलें शुरू हो गईं थीं कि मई 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को भारी बहुमत से हराकर सत्ता में आने वाली कांग्रेस के भीतर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। एआईसीसी महासचिव ने कहा, मतभेद रखने वाले किसी भी व्यक्ति का उनके साथ चर्चा करने के लिए स्वागत है। वे पार्टी महासचिव–संगठन, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष या मुख्यमंत्री के पास भी जा सकते हैं और अपनी राय बता सकते हैं। हम उनके खातों से किसी भी सार्वजनिक बयानों को स्वीकार नहीं करेंगे।

## राजस्थान में कांग्रेस की चौथी लिस्ट जारी, 56 प्रत्याशी तय, सात मौजूदा विधायकों का टिकट कटा

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने 56 प्रत्याशियों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ को उदयपुर सीट से टिकट दिया गया है। वहीं पूर्व सासंद बद्रीराम जाखड़ को बाली सीट से टिकट दिया है। 7 मौजूदा विधायकों का टिकट काटा गया है। इनमें सचिन पायलट समर्थक खिलाड़ी लाल बैरवा भी शामिल हैं। 32 नए चेहरे मैदान में हैं। मानवेंद्र सिंह को बाड़मेर की सिवाना सीट से टिकट दिया गया है। पहले उनका नाम जैसलमेर से चला था। कांग्रेस ने पहली लिस्ट में 33, दूसरी लिस्ट में 43 और तीसरी लिस्ट में 19 उम्मीदवार घोषित किए थे। अब तक कुल 200 विधानसभा सीटों में से 151 सीटों पर प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं।

अब 49 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा बाकी है। मंगलवार की शाम साढ़े सात बजे जारी सूची में 7 महिलाओं के नाम भी शामिल हैं। वहीं सात कांग्रेस विधायकों का टिकट काटा गया है। इसमें बसेड़ी से खिलाड़ीलाल बैरवा, कठूमर से बाबूलाल बैरवा, राजगढ़–लक्ष्मणगढ़ से जौहरीलाल मीणा, सांगोद से भरत सिंह, हिण्डौन से भरोसीलाल जाटव, तिजारा से संदीप यादव और बिलाड़ा से हीरालाल मेघवाल शामिल हैं। इसके अलावा, गंगानगर से निर्दलीय राजकुमार गौड़ को टिकट नहीं मिला है।

## केंद्र सरकार के दफ्तरों से निकली 500 करोड़ रुपए की रद्दी, खाली हुई 154 लाख वर्ग फुट जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों में लंबित जन शिकायतों के निस्तारण तथा अनुपयोगी पत्रावलियों आदि के निस्तारण के तीसरे (3.0) विशेष स्वच्छता अभियान के तहत 4.75 लाख जन शिकायतों का निपटारा करने से कुल 23.09 लाख पत्रावलियों (कागजी और इलेक्ट्रानिक) का निस्तारण किया गया।देश भर में विभिन्न विभागों के कुल 2.53 लाख जगहों पर सरकारी कार्यालयों में ये अभियान गांधी जयंती से 31 अक्तूबर तक चलाए गए। इससे 154 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान मुक्त किया गया और रद्दी फाइलें तथा बेकार पड़े सामानों के निपटाने से 500 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया गया। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने स्वच्छता और लंबित शिकायतों की फाइलों के निस्तारण के इस विशेष अभियान 3.0 के मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन की घोषणा की। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार डा. सिंह ने तीसरे अभियान के समापन पर कहा कि विशेष अभियान 3.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और लंबित मामलों को कम करने के लिए देश का सबसे बड़ा अभियान था। विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों से प्रेरित होकर देश के दूरदराज के हिस्सों में 2.53 लाख से अधिक कार्यालयों को कवर करने वाले स्वच्छता अभियान के लिए 'विशेष अभियान 3.0' में पूर्ण निस्तारण दृष्टिकोण अपनाया गया।

विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2021–2023 की अवधि में अब तक इस तरह के कुल तीन विशेष अभियानों 1.0, 2.0 और 3.0 में कार्यालय स्क्रैप के निपटान से 1100 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

### एक्यूआई जागरूकता में ढीले रवैये पर बॉम्बे हाईकोर्ट नाराज, कहा

## अधिकारियों ने नहीं उठाए सख्त कदम




**मुंबई, एजेंसी।** प्रदूषण के मुद्दे पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त तेवर दिखाएं हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक के हानिकारक स्तरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अधिकारियों के ढीले रवैये पर हाईकोर्ट नाराज है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा, अधिकारियों ने इसके लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

पीठ ने मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार, केंद्र सरकार, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी), महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को नोटिस जारी किया। साथ ही कहा कि ये बताएं की उन्होंने समस्या के समाधान के लिए आखिर क्या किया है। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने मुंबई में वायु प्रदूषण पर स्वतः संज्ञान लेते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की। अगली सुनवाई 6 नवंबर के लिए टाल दी है।

बुधवार को उपलब्ध कराए गए अपने विस्तृत आदेश में मीडिया रिपोर्टों का हवाला दिया गया और कहा गया कि पिछले 15 से 20 दिनों में मुंबई में एक्यूआई 150 (मध्यम) और 411 (गंभीर) के बीच रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बीएमसी ने मुंबई में वायु प्रदूषण को कम करने और/या कम करने के लिए कुछ कदम उठाए हैं, लेकिन एक्यूआई के स्तर में सुधार नहीं हुआ है ताकि इसे स्वस्थ सीमा के भीतर लाया जा सके। अदालत ने इस मामले में महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ की सहायता मांगी और वरिष्ठ वकील डेरियस खंबाटा को एमिकस क्यूरी (अदालत की सहायता के लिए) के रूप में पेश होने का भी निर्देश दिया।

## केनरा बैंक धोखाधड़ी : ईडी की चार्जशीट में जेट एयरवेज के संस्थापक गोयल, पत्नी व कंपनी के नाम शामिल

**मुंबई ,(एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केनरा बैंक के 538 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता गोयल और चार अन्य कंपनियों का नाम शामिल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।एक विशेष अदालत के समक्ष दायर आरोप पत्र, नवंबर 2022 की केनरा बैंक की शिकायत में 1 सितंबर को गोयल की गिरफ्तारी के दो महीने बाद आया। इसमें आरोप लगाया गया था कि एयरलाइन के लिए दिए गए ऋण को कथित तौर पर व्यक्तिगत खर्चों और अपनी निजी देनदारियों को चुकाने के लिए इस्तेमाल किया गया था।मामले की अगली सुनवाई बुधवार को होने की संभावना है। जेट एयरवेज द्वारा पुनर्भुगतान में चूक के बाद, केनरा बैंक ने 2019 में इसे गैर–निष्पादित संपत्ति घोषित कर दिया और ईडी ने दावा किया कि 538 करोड़ रुपये की ऋण राशि को डायवर्ट किया गया और निकाल लिया गया। 74 वर्षीय गोयल को ईडी ने 1 सितंबर को गिरफ्तार किया था, और वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में आर्थर रोड सेंट्रल जेल में बंद हैं, हालांकि उन्होंने मामले में अपनी अवैध गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए एक आवेदन दिया है। ईडी ने दलील दी है कि गोयल ने कथित तौर पर अपने परिवार के सदस्यों को कर्मचारियों के रूप में नियुक्त करके, अपनी बेटी द्वारा बनाई गई कंपनी के वेतन का भुगतान, विदेशी खातों में किए गए भुगतान के साथ बेहिसाब लेनदेन, पेशेवर और परामर्श शुल्क, संदिग्ध खर्च आदि के रूप में लगभग एक हजार करोड़ का भुगतान कर कंपनी के धन का दुरुपयोग किया।

सम्पादकीय

# औद्योगिक करारों से उम्मीदें

यदि सब कुछ धरातल पर अपेक्षाओं के अनुरूप उतरा तो आने वाले समय में उत्तराखंड एक औद्योगिक प्रदेश के रूप में साकार रूप ले सकेगा। हालांकि इसके लिए यह जरूरी है कि जो भी अनुबंध विभिन्न कंपनियों के साथ हो रहे हैं वह कसौटियों पर खरे उतरे। इससे पूर्व भी उत्तराखंड में इन्वेस्टर मीट का आयोजन हो चुका है, लेकिन उसके परिणाम आज तक राज्य को उत्साहवर्धक स्तर पर नहीं मिले। इधर राज्य सरकार की नजर विश्व निवेशक सम्मेलन में है लेकिन उससे पूर्व सरकार राज्य में स्थापित उद्योगों को विस्तार देने के लिए धरातलीय प्रयास करेगी। इसके लिए पहले से ही स्थापित प्रदेश के उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाने की योजना है ताकि अन्य निवेशकों को भी राज्य में निवेश के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है एवं स्वयं मुख्यमंत्री रोड शो के माध्यम से उत्तराखंड में उद्योगों की संभावनाओं पर जोर दे रहे हैं। उत्तराखंड में जिन उद्योगों के विस्तार को लेकर सर्वाधिक संभावना जताई जा रही है उनमें पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन, उद्यान, खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा और आईटी सेक्टर प्रमुख है और स्थानीय निवेशकों को इन खास क्षेत्र में निवेश के लिए प्रेरित किया जाएगा। सरकार का राज्य में ही उद्योग संचालित कर रहे उद्यमियों से 10 से 15 हजार करोड़ के एमओयू का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री के वर्तमान प्रयास देखकर एक उम्मीद की किरण जरूर जग रही है कि आने वाले समय में राज्य में नए उद्योग तो पैर जमाएंगे ही साथ ही वर्तमान में कार्य कर रहे औद्योगिक इकाइयों का भी विस्तारीकरण होगा। हालांकि इसके लिए अभी बुनियादी स्तर पर राज्य सरकार को सुविधाओं एवं माहौल उपलब्ध कराने में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। इसमें मुख्य तौर पर ऊर्जा की अनवरत सप्लाई एवं पर्वतीय क्षेत्रों में विपणन एवं वितरण प्रमुख है। राज्य में नए उद्योगों की स्थापना के साथ ही रोजगार के अवसर भी मिलेंगे जिससे कुछ हद तक उम्मीद की जा सकती है कि पलायन पर रोकथाम लगेगी। हालांकि यह उद्योगों के गठन के बाद ही स्पष्ट होगा कि इन उद्योगों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाती है या फिर बाहरी राज्यों के लोगों की बहुतायत नजर आएगी। राज्य सरकार को नए उद्योगों के गठन के साथ ही ऐसे प्रयास भी करने चाहिए जिनमें स्थानीय बेरोजगारों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अब तक जितने भी एमओयू किए गए हैं उन पर पूरे प्रदेश की नजर है और उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले समय में यह सभी करार परिणाम में तब्दील होंगे। प्रदेश की जनता को यह भी विश्वास दिलाना होगा की प्रदेश को उद्योगों की दिशा में सुदृढ़ बनाने की पुरजोश कोशिश की जा रही है ना कि यह सब आने वाले चुनावों के मद्देनजर फेंका जा रहा एक पासा मात्र है।

भारत के साथ उसका मजबूत कारोबारी संबंध है। भारत अपनी जरूरत का 40 फीसदी प्राकृतिक गैस कतर से लेता है और कतर को निर्माण सामग्री और खाने–पीने की ताजा वस्तुओं की आपूर्ति के मामले में भारत तीसरा सबसे बड़ा देश है। 2017 में खाड़ी देशों की पाबंदी के बावजूद भारत और कतर के कारोबारी संबंध कायम रहे थे। इसके बावजूद कतर ने भारतीय नागरिकों के लिए सबसे बड़ी सजा का ऐलान किया। कतर इस किस्म के उकसाने वाले काम करता रहता है। भारत का भगोड़ा जाकिर नाईक भी कतर में हुए फीफा वर्ल्ड कप के दौरान दिखाई दिया था। कतर वैसे भी मुस्लिम ब्रदरहुड का समर्थन करने वाला देश है।

# दिल्ली से दोहा– भारत की परीक्षा !

**जीत द्विवेदी**

कतर में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को फांसी की सजा हुई है। कतर की निचली अदालत ने क्या आरोप तय किए हैं और किस आरोप में फांसी की सजा सुनाई है उसे सार्वजनिक नहीं किया गया है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन पर आरोप है कि वे कतर में रह कर इजराइल के लिए जासूसी कर रहे थे। पहले पिछले साल अगस्त में उनको गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद उनसे बहुत सख्त पूछताछ हुई। खबरों के मुताबिक पूछताछ के दौरान ज्यादती भी हुई। गिरफ्तारी के एक महीने बाद उनके परिजनों से उनका संपर्क हुआ और अक्टूबर में जाकर उनको कौंसुलर एक्सेस मिली। तभी कतर में भारत के राजदूत ने गिरफ्तार नौसेना अधिकारियों से मुलाकात की थी। उनकी फांसी की सजा पर भारत सरकार ने जो प्रतिक्रिया दी उससे लगता है कि फैसला अचानक आया और भारत को अंदाजा नहीं था कि फांसी की सजा हो सकती है। विदेश मंत्रालय ने पहली प्रतिक्रिया में कहा कि वह हैरान और स्तब्ध है। इसका मतलब है कि भारत को यह अंदाजा तो था कि सजा होगी लेकिन फांसी की सजा होगी यह अंदाजा नहीं था।

अगर कतर की न्यायिक व्यवस्था को देखें तो इसके बाद अपील की अदालत का रास्ता है और उसकी सवोच्च अदालत व फिर कतर के अमीर के पास अपील का रास्ता भी है। लेकिन आमतौर पर निचली अदालत से हुई सजा को बरकरार रखा जाता है और उस पर तत्काल अमल हो जाता है। जैसे 2017 में नेपाल के नागरिक अनिल चौधरी के साथ हुआ था। नेपाल के दूतावास को सूचना देने के एक दिन बाद ही चौधरी की फांसी की सजा पर अमल हो गया था। इसका मतलब है कि पहले चरण में ही भारत को सारी ताकत लगानी चाहिए थी। बहरहाल, अब भी भारत के पास रास्ता है कि किसी तरह से मामला अपील की अदालत में जाए और वहां भारतीय नागरिकों को बचाने का प्रयास हो। साथ ही बैक चैनल कूटनीति के जरिए भी उनकी रिहाई का प्रयास होना चाहिए।

लेकिन उससे पहले सवाल है कि भारत ने पिछले 14 महीने में क्या कूटनीतिक प्रयास किए और अपनी बढ़ती ताकत, जिसका आए दिन भारत में प्रचार किया जाता है, उसका क्या इस्तेमाल किया? अगर भारत विश्वगुरू और विश्वमित्र है और दुनिया में पहले के मुकाबले उसकी बात ज्यादा सुनी जा रही है और बकौल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दुनिया में कोई भी बड़ा फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछे बगैर नहीं हो रहा है तो फिर आठ भारतीय नागरिकों को फांसी की सजा का फैसला कैसे हो गया? कतर ने क्यों भारत का लिहाज नहीं किया? क्या आठ भारतीयों का गुनाह इतना बड़ा है कि कतर ने भारत की परवाह करने की जरूरत नहीं समझी? ध्यान रहे कतर में आठ लाख भारतीय हैं, जो वहां की अर्थव्यवस्था और रोजमर्रा के जीवन में बड़ा योगदान कर रहे हैं। भारत के साथ उसका मजबूत कारोबारी संबंध है। भारत अपनी जरूरत का 40 फीसदी प्राकृतिक गैस कतर से लेता है और कतर को निर्माण सामग्री और खाने–पीने की ताजा वस्तुओं की आपूर्ति के मामले में भारत तीसरा सबसे बड़ा देश है। 2017 में खाड़ी देशों की पाबंदी के बावजूद भारत और कतर के कारोबारी संबंध कायम रहे थे। इसके बावजूद कतर ने भारतीय नागरिकों के लिए सबसे बड़ी सजा का ऐलान किया। कतर इस किस्म के उकसाने वाले काम करता रहता है। भारत का भगोड़ा जाकिर नाईक भी कतर में हुए फीफा वर्ल्ड कप के दौरान दिखाई दिया था। कतर वैसे भी मुस्लिम ब्रदरहुड का समर्थन करने वाला देश है। इसलिए इस पूरे घटनाक्रम में कानूनी कार्रवाई से इतर कोई अन्य पहलू होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

कतर में गिरफ्तार और फांसी की सजा पाए भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों में कई बड़े सम्मानित पदों पर रहे हैं और भारतीय जलपोतों पर बड़ी भूमिका निभा चुके हैं। उनके ऊपर जासूसी का आरोप लगाना न सिर्फ उनका, बल्कि भारत की नौसेना की महान परंपरा और भारत के लिए भी अपमानजनक है। उनकी गिरफ्तारी के समय से ऐसी खबरें आती रही हैं कि यह एक साजिश है, जिसमें पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी ने बड़ी भूमिका निभाई है। यह भी कहा जा रहा है कि पिछले 14 महीने में अपने नागरिकों को छुड़ाने के लिए जितना प्रयास भारत ने किया उससे ज्यादा प्रयास पाकिस्तान ने इस बात का किया कैसे भारतीय नागरिकों को बड़ी से बड़ी सजा हो जाए। इस पूरे प्रकरण से एक वैश्विक ताकत होने का जो भ्रम भारत की ओर से रचा जा रहा था वह खुल गया है। अब चाहे कितना भी प्रचार हो वह भ्रम फिर से बहाल नहीं हो सकता है। इसके बावजूद भारत सरकार को अपने नागरिकों को फांसी की सजा से बचाने का प्रयास करना चाहिए।

इसके लिए कुछ लोग दिसंबर का इंतजार करने को कह रहे हैं क्योंकि 18 दिसंबर को कतर के अमीर का जन्मदिन है और अपने जन्मदिन पर वे दोषियों की सजा माफ करते हैं और उनकी रिहाई का आदेश देते हैं। लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह और भी अपमानजनक होगा। हालांकि भारत में पिछले कुछ समय से हर किस्म के अपमान को सम्मान बताने का सिलसिला एक नियम के तौर पर स्थापित हो गया है। फिर भी नौसैनिकों के मामले में ऐसा न हो तो बेहतर होगा। भारत को अमीर के जन्मदिन पर अपने सम्मानित नौसैनिकों की रिहाई का इंतजार नहीं करना चाहिए। भारत को अपनी सामरिक, आर्थिक व वैश्विक कूटनीतिक शक्ति का इस्तेमाल करके अपने नागरिकों को छुड़ाने का प्रयास करना चाहिए। दुनिया ने देखा कि किस तरह से इजराइल पर हमला करने वाले हमास की कैद से अमेरिकी बंधक छुड़ाए गए हैं। वह विश्व शक्ति का तरीका होता है। कतर ने हमास पर दबाव डाल कर दोनों अमेरिकी बंधकों को छुड़वाया।

सबको पता है कि पश्चिम एशिया में अमेरिका के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में कतर भी हैं। यह भी कहा जाता है कि वह अमेरिका का सबसे भरोसेमंद गैर–नाटो सहयोगी है। इसी तरह से जिस देश ने भारतीय नागरिकों पर जासूसी का आरोप लगाया है और जिस देश के लिए जासूसी का आरोप लगा है यानी इजराइल, दोनों अमेरिका के नजदीकी सहयोगी हैं। सो, निश्चित रूप से भारत और अमेरिका को पता चल गया होगा कि जासूसी के आरोपों में कितनी सचाई है। हालांकि इस बारे में जनता को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है, कोई सूचना सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है लेकिन उम्मीद करनी चाहिए कि उस हकीकत के हिसाब से भारत और अमेरिका अपना अगला कदम उठाएं। इसमें अमेरिका के साथ साथ खाड़ी के दूसरे देश, जिनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बड़े आत्मीय निजी संबंध बताए जाते हैं उन देशों की भी मदद लेनी चाहिए।

इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि पश्चिम एशिया में चल रहे भू–राजनीतिक टकराव यानी इजराइल और हमास की जंग में आठ भारतीय नागरिकों का जीवन सौदेबाजी का विषय न बने। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा और नागरिकों को बताना भी होगा कि कतर का फैसला इजराइल और हमास की जंग से नहीं जुड़ा है। भारत ने इजराइल का समर्थन किया और कतर हमास का समर्थक है तो भारत पर दबाव डालने के लिए कतर ने भारतीय नागरिकों का जीवन दांव पर लगाया, ऐसा नहीं होना चाहिए। भारत को यह भी दिखाना होगा कि वैश्विक जगत में उसकी हैसियत प्यादे की नहीं है, जिसे कूटनीतिक लाभ–हानि के लिए इस्तेमाल किया जाए। क्योंकि अगर एक बार इस तरह की घटना हो गई तो फिर पूरी दुनिया में रह रहे करोड़ों भारतीयों का जीवन खतरे में आएगा। खाड़ी के मुस्लिम देशों में ही लाखों भारतीय रहते हैं, जिनका जीवन खतरे में पड़ेगा। अगर सरकार आठ भारतीय नागरिकों के जीवन को 140 करोड़ भारतीयों के जीवन और उनके आत्मसम्मान का मुद्दा बनाती है तभी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ेगा।

# एर्नाकुलम विस्फोट : डराती है ऐसी घटना

**अवधेश कुमार**

किसी आतंकवादी घटना की गंभीरता का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं होता कि उसमें कितने लोगों की मौत हुई। केरल में एर्नाकुलम जिले के कलामसेरी के कन्वेंशन सेंटर यानी सम्मेलन केंद्र में हुआ विस्फोट हर दृष्टि से डराने और चिंतित करने वाली घटना है।

निस्संदेह, तीन व्यक्तियों की मृत्यु तथा 51 लोगों का घायल होना सुरक्षा एजेंसियों के लिए थोड़ी राहत का विषय है। हालांकि एक व्यक्ति की भी मृत्यु या घायल होना हमारे लिए चिंता का विषय होना चाहिए। यहोवाज विटनेसेस या यहोवा विटनेस समुदाय के तीन दिनों के कार्यक्रम में 2000 के आसपास लोग उपस्थित थे।

तीन विस्फोट का मतलब इसकी पहले से पूरी तैयारी की गई थी। यह भी साफ हो गया है कि विस्फोट ईईडी से ही हुआ। अभी यह कहना मुश्किल है कि कोच्चि निवासी डोमिनिक मार्टनि नामक व्यक्ति द्वारा घटना की जिम्मेवारी लेने का सच क्या है। क्या वह अकेले इस विस्फोट में शामिल था या उसके साथ अन्य लोग थे? जो कुछ वह कह रहा है उतना ही सच है या इसके पीछे कोई व्यापक षड्यंत्र है? राष्ट्रीय जांच एजेंसी या एनआईए और केरल का आतंकवाद निरोधी दस्ता की छानबीन के बाद इसका पूरा सच सामने आएगा। किंतु केरल सरकार द्वारा बिना सोचे समझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आरोपित करने से ज्यादा गैर जिम्मेदार कुछ नहीं हो सकता। तो केरल के रुख और यहोवाज विटनेसेस के साथ इस समय देश का जैसा वातावरण है और विशेष कर केरल में जैसा तनावपूर्ण माहौल बनाया गया है उनकी गहराई से विवेचना आवश्यक है।

यहोवा विटनेस के लोग यीशु मसीह को ईर न मानकर उनका पुत्र मानते हैं तथा स्वयं को वास्तविक क्रिश्चियन कहते हैं। यह क्रिसमस और ईस्टर जैसी छुट्टियां भी नहीं मानते। इनके सामाजिक नियम और रीति–रिवाज काफी सख्त हैं, जिसमें तलाक लेने और रक्त लेने तक का निषेध है।

स्वाभाविक अन्य ईसाई मतावलंबियों के साथ इनका तनाव होता है। जो ईसा मसीह को ईर मानते हैं वो ईर न मानने वालों का विरोध करेंगे। ये लोगों के बीच अपना विचार प्रसार कर उन्हें अपने साथ शामिल करने की कोशिश करते हैं और इससे भी तनाव पैदा होता है। ध्यान रखिए, केरल में लगभग तीन दशक पहले इस समूह के तीन बच्चों पर उनके स्कूल में राष्ट्रगान का अपमान करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की थी और यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक गया था। यह समुदाय अपने विस्तार के लिए ऐसी बातें बोलता है, जिससे निस्संदेह भारत विरोध या यहां



की सभ्यता, संस्कृति, सामाजिक व्यवहार आदि की निंदा और उनके अंत करने तक की बातें होती हैं। केरल में चर्च की कुछ गतिविधियां भी समाज को असहज करने वाली रही हैं और उनका विरोध होता रहा है। मार्टनि ने घटना के बाद छह मिनट का एक वीडियो जारी किया जिसमें कह रहा है कि उसने इसलिए किया क्योंकि संगठन की शिक्षाएं देशद्रोही है। इसकी विचारधारा खतरनाक है और इसलिए इसे राज्य में समाप्त करना होगा। उसका कहना है कि उसने कई बार संगठन को अपनी शिक्षा या विचार को सही करने को कहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। उसके अनुसार चूंकि मेरे पास कोई अन्य विकल्प नहीं था, इसलिए मैंने यह निर्णय लिया। यहोवाज विटनेस ने उसे अपना पंजीकृत सदस्य मानने से इनकार किया है।

जिस तरह डोमिनिक मार्टनि बयान दे रहा है उससे नहीं लगता कि समूह से उसका संबंध नहीं रहा होगा।

निश्चित रूप से इस घटना के बाद डोमिनिक मार्टनि के साथ समूह की, गतिविधियों, विचारों , संसाधनों आदि की व्यापक छानबीन होगी। किंतु पिछले कुछ समय से केरल में भारत विरोधी हिंसक मजहबी कट्टरपंथ की चिंताजनक गतिविधियां सामने आई हैं।

इस्त्रइल और हमास युद्ध के बाद वैसे तो देश का वातावरण ही काफी तनावपूर्ण बनाया जा चुका है, मगर केरल में लगभग प्रतिदिन कहीं–न–कहीं कोई छोटी बड़ी रैली या धरना प्रदशर्न हो रहे हैं। इस विस्फोट के एक ही दिन पूर्व केरल की एक रैली को हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल ने संबोधित किया था, जिसमें उसने कहा था कि बुलडोजर, हिंदुत्व और यहूदीवाद को उखाड़ फेंकना है। तात्कालिक विस्फोट से सीधे इसका संबंध हो या नहीं हो किंतु स्थिति कितनी खतरनाक है कि विदेश में बैठे हिंसक संगठन का पूर्व प्रमुख वर्चुअल भारत की रैली को संबोधित करते हुए हिंसक विद्रोह के लिए उत्तेजित करता है और लोग तालियां बजाते हैं। भाजपा को छोडक़र किसी राजनीतिक पार्टी ने इसका विरोध नहीं किया। केरल में फिलिस्तीन के नाम पर हो रही रैलियों और प्रदशर्नों में सत्तारूढ़ वाम मोर्चा के साथ कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्षी मोर्चा के नेता भी शामिल हो रहे हैं।

हमास के पूर्व प्रमुख खालिद मशाल के रैली में शामिल होने के बाद भ्रम दूर हो जाना चाहिए। इसके बाद यह कहना ज्यादा आसान हो गया है कि इस्त्रइल विरोध के नाम पर हमास का समर्थन किया जा रहा है। पार्टियां, संगठन अपने बयानों और गतिविधियों से पूरे देश का माहौल तनावपूर्ण बना रहे हैं। पूर्णिया में सांप्रदायिक तनाव पैदा हुआ तो महाराष्ट्र में मुंबई से लेकर कई स्थानों पर प्रदर्शनों में उत्तेजक नारे और भाषण हो रहे हैं। केरल संवेदनशील राज्यों में शीर्ष पर है, इसलिए उसे कई अन्य राज्यों के साथ विशेष रूप से आगाह किए जाने की सूचना थी।

एक साथ 2000 लोग 3 दिनों के लिए इक्_ हों, उस संगठन का ईसाइयों के बीच ही विरोध हो, प्रदेश का वातावरण लगातार रैलियों, विरोध प्रदर्शनों से तनावपूर्ण बना हो, पहले से वहां आतंकवाद के स्लीपर सेल पकड़े गए हों वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था न किया जाना बहुत कुछ कहता है।

केरल में ईसाई मतों के बीच आपसी विरोध और तनाव के समाचार स्थानीय अखबार में आते रहते हैं। यही नहीं यहोवा के लोग यरुशलम भी काफी जाते रहते हैं। तो इस दृष्टिकोण से भी थोड़ी ज्यादा सुरक्षा की आवश्यकता थी।

हमने अनेक आतंकवादी हमले झेले हैं। फिलिस्तीन हमास युद्ध के बाद की संवेदनशीलता को देखते हुए पार्टियों, नेताओं और संगठनों को अत्यंत ही सोच समझकर संयमित बयान देने की आवश्यकता थी। एर्नाकुलम विस्फोट हम सबके लिए एक सबक बनकर आया है। आप सरकार का विरोध करिए लेकिन ऐसे मामले पर कुछ भी बोलते समय ध्यान रखिए कि इसके दुष्परिणाम घातक हो सकते हैं।

# रोजाना खाली पेट एक सेब खाना शुरू कर दें, फायदे देख नहीं कर पाएंगे विश्वास



सेब को लेकर यह बहुत पुरानी कहावत है और सच भी है. हमारे घर के बड़े–बुजुर्ग हमेशा कहते हैं कि हर रोज एक सेब खाएं. इससे आपकी हेल्थ संबंधी दिक्कत खत्म हो जाएगी. यह फल पोषक तत्व से भरपूर है. पाचन से लेकर स्किन, बाल तक के लिए यह काफी ज्यादा फायदेमंद है. आजकल तो डाइटिशियन हेल्थ एक्सपर्ट तो आपको खाली पेट कई सारी चीजें खाने की सलाह देते हैं. रोजाना खाली पेट एक सेब खाएं यह काफी पुरानी सलाह है. जिसे हमेशा घर के बड़े–बजुर्ग कहते आए हैं.

सेब खाने के क्या फायदे हैं

पेट के लिए बहुत ही अच्छा है सेब

सेब फाइबर का एक बहुत अच्छा सोर्स है. साथ ही यह जल्दी डायजेस्ट हो जाता है. सेब आपको कब्ज की बीमारी से छुटकारा दिलाता है और पाचन को दुरुस्त करता है.

हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है सेब

हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए सेब बहुत अच्छा होता है. यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को काफी हद तक कंट्रोल करता है. इसका मतलब है कि यह किसी भी हार्ट की बीमारी के जोखिम को कम कर सकता है.

सेब फ्री रेडिकल्स को दूर करता है

पोषक तत्व से भरपूर सेब क्वेरसेटिन और विटामिन सी से भरपूर होते हैं. जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से लडऩे में काफी ज्यादा मदद करते हैं. शरीर के पुरानी बीमारियों को ठीक भी करते हैं.

वजन को कंट्रोल में रखता है

सेब में काफी ज्यादा हाई फाइबर होता है जिसे खाने के बाद पेट भरा–भरा लगता है. साथ ही वजन कंट्रोल में रहता है.

हड्डियों के लिए फायदेमंद

सेब में विटामिन डी भी होता है जो हड्डियों के लिए काफी अच्छा होता है. इसे खाने के बाद हड्डी मजबूत होती है.

डायबिटीज में मददगार

सेब खाने से डायबिटीज कंट्रोल में रहता है. इसमें फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं. डायबिटीज के मरीजों के लिए सेब काफी ज्यादा अच्छा होता है.

स्किन और बाल के लिए अच्छा होता है सेब सेब में पाए जाने वाले विटामिन सी हेल्दी कोलेजन को शरीर में बढ़ावा देता है. इससे स्किन की इलास्टिसिटी और ऑलओवर हेल्थ के लिए काफी ज्यादा अच्छा होता है.

# तेजी से वजन कम करने के लिए डाइटिंग करें या जिम जाएं, जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट

आजकल वजन कम करने का एक क्रेज जा देखने को मिल रहा है. हर कोई अपनी फिटनेस और लुक को लेकर फिक्रमंद नजर आ रहा है. चुस्त और दुरुस्त रहने के लिए लोग डाइट को बेहतर बना रहे हैं और जिम में भी पसीना बहा रहे हैं. सोशल मीडिया पर वेट लॉस (ङ्खद्गद्बद्दद्धह्ल रुशह्यह्य ज्ञ्वद्बस्रह्य) को लेकर कई वीडियो बन रहे हैं, जिसे देखकर भी लोग इंस्पायर हो रहे हैं. लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि अगर फिट रहना है तो जिम या डाइट दोनों में से किस पर ज्यादा फोकस करना ज्यादा बेहतर है. क्योंकि ज्यादातर लोग इस बात को लेकर कंफ्यूज हैं कि डाइट मेंटेन करने के बाद जिम जाना जरूरी है भी या नहीं. आइए जानते हैं जिम या डाइट वेट कम करने में क्या है सबसे बेहतर... **क्या कहते हैं एक्सपर्ट**हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक अगर बीएमआई 25 से ज्यादा है तो ये बताता है कि आपका वजन बढ़ा हुआ है. हमारे देश में इसे 23.99 तय किया गया है. बीएमआई 24 से ज्यादा ओवरवेट कहलाता है और 30 से ज्यादा मोटापे वाली सिचुएशन बताता है. डॉक्टरों का मानना है कि वजन कम करने के लिए जितना जरूरी डाइट मेंटेन रखना है, उतना ही जरूरी फिजिकल एक्टिविटीज भी है. हालांकि, वे ये भी मानते हैं है कि ये तय कर पाना काफी कठिन है कि वजन कम करने के लिए जिम या डाइट में से ज्यादा बेहतर कौन है. **वजन घटाने में डाइट की भूमिका** हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, डाइट में कैलोरी इंटेक जैसी दूसरी चीजों का ध्यान रखकर वजन को बढऩे से पहले ही कंट्रोल कर सकते हैं. ओवरवेट या मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं तो जिम जा सकते हैं लेकिन इस दौरान भी डाइट पर फोकस बनाए रखना हैं. जो भी खा रहे हैं, उसे पचाने के लिए इंडोर फिजिकल एक्टिविटी कर सकते हैं.

# आदिवासी, पिछड़ा और दलित का समीकरण

भारतीय जनता पार्टी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तरह जाति गणना कराने, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने या आरक्षण बढ़ाने की बातें नहीं कर रही है लेकिन बहुत बारीक तरीके से वहीं राजनीति कर रही है, जो 'इंडिया' की पार्टियां कर रही हैं। झारखंड में भाजपा की राजनीति इसकी मिसाल है। वहां भाजपा ने एक एक करके सभी सवर्ण नेताओं को किनारे कर दिया है। हो सकता है कि आगे किसी सवर्ण नेता को कोई जिम्मेदारी मिले लेकिन अभी प्रदेश संगठन से लेकर केंद्रीय संगठन और केंद्र सरकार तक किसी सवर्ण नेता को कोई जगह नहीं है। केंद्र सरकार में झारखंड के दो मंत्री हैं, जिनमें कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा आदिवासी हैं और राज्यमंत्री अन्नपूर्ण देवी यादव समाज से यानी पिछड़ी जाति से हैं। भाजपा के केंद्रीय संगठन में भी आदिवासी नेता समीर उरांव को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है।

अगर प्रदेश संगठन की बात करें तो दीपक प्रकाश को हटा कर आदिवासी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मरांडी की जगह दलित समाज के नेता अमर बाउरी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाया गया है और जेएमएम से आए पिछड़ी जाति के जेपी पटेल को सचेतक बनाया गया है। इस तरह प्रदेश से लेकर केंद्रीय संगठन और केंद्र सरकार तक भाजपा ने जिन लोगों को महत्व दिया है वे सभी आदिवासी, दलित या पिछड़े समाज से आते हैं। भाजपा ने विपक्षी गठबंधन की तरह शोर नहीं मचाया है। चुपचाप अपने पत्ते बिछा दिए हैं। भाजपा मान रही है कि अगड़ी जाति के मतदाता उसको छोड़ कर कहीं नहीं जा सकते हैं। जेएमएम, कांग्रेस और राजद गठबंधन का विकल्प उनके सामने है लेकिन पारम्परिक रूप से अगड़ी जाति के मतदाता भाजपा को वोट देते हैं।

# बास्केटबॉल तथा कबड्डी टीम की विजेता टीम का सम्मान किया




हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में बुधवार को बास्केटबॉल तथा कबड्डी की विजेता टीम का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रूडकी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी द्वारा आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी स्पोटेक चैंपियनशिप–2023 में गुरुकुल विवि की बास्केटबॉल तथा कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता बनी है। टीम को ट्रॉफी, मेडल एवं 11000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रति टीम लेकर चैम्पियन बनने पर दिया गया है। विश्वविद्यालय पहुंचने पर दोनों टीमों का कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार और सचिव क्रीडा परिषद डॉ. अजय मलिक ने सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ. शिवकुमार चौहान, डॉ. कपिल मिश्रा, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. प्रणवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## गैस कनेक्शन के लिए करें पात्र परिवार आवेदन

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत जनपद में गरीब पात्र परिवारों को लक्ष्य के अनरूप एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने की योजना है। इच्छुक पात्र आवेदनकर्ता 02 से 10 नवंबर 2023 तक अपने संबंधित पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, राजकीय अन्न भंडार अथवा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कार्यालय व गैस एजेंसी से नि:शुल्क केवाईसी फॉर्म व अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत पात्र परिवार की व्यस्क महिला के नाम से जारी होगा। इसके अलावा परिवार के किसी भी सदस्य के नाम से पूर्व में गैस कनैक्शन नही होना चाहिए। उन्होंने बताया कि केवाईसी फॉर्म के साथ आवेदनकर्ता व्यस्क महिला को पते व व्यक्तिगत पहचान का साक्ष्य, बैंक खाता पासबुक की छायाप्रति राशन कार्ड की छायाप्रति तथा परिवार के संबंध में जारी अन्य सरकारी प्रमाण पत्र (प्रवसन मामले में स्वघोषणा पत्र) आधार कार्ड की छाया प्रति एवं परिवार के सभी सदस्यों के आधार की छाया प्रति भी संलग्न करनी होगी।

## लकी ड्रा के विजेताओं को पुरस्कृत किया



ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल ने पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। इसमें लकी ड्रा के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। लकी ड्रा में सचिन चोपड़ा ने प्रथम पुरस्कार के रूप में बाइक जीती। बुधवार को हरिद्वार रोड स्थित श्रीवास ग्रुप के कैंपस में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। क्लब सचिव सुमित चोपड़ा ने बताया कि बीते दिनों क्लब ने श्रीभरत मंदिर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में दीपावली मेले का आयोजन किया था। इसमें लकी ड्रा और मिस ऋषिकेश प्रतियोगिता हुई थीं। सचिन चोपड़ा लकी ड्रा के प्रथम विजेता रहे हैं, उन्होंने बाइक जीती है। संजय ने द्वितीय पुरस्कार रेफ्रिजरेटर और कपिला आनंद ने तृतीय पुरस्कार एलईडी टीवी जीता है। वहीं प्रतीक खन्ना, अमित सिंघल ने सांत्वना पुरस्कार के रूप में मोबाइल फोन जीता है। इस दौरान लकी ड्रॉ के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं मेले का प्रमुख आर्कषण रहीं मिस ऋषिकेश प्रतियोगिता की विजेता सृष्टि राजपूत, द्वितीय स्थान पर रहीं आशी धीमान और तृतीय स्थान पर रहीं आकांक्षा असवाल को भी सम्मानित किया गया। मौके पर क्लब अध्यक्ष सुशील छाबड़ा, कोषाध्यक्ष अरविंद किंगर, श्रीवास ग्रुप के चेयरमैन निशांत मलिक, अभिनव गोयल, धीरज मखीजा, गुड्डु सिंह, अतुल जैन, पंकज चंदानी, राही कपाड़िया, लवीश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक मार्ग को बंद करने का विरोध

देहरादून। लाइब्रेरी क्षेत्र में जल संस्थान व ईएसआई अस्पताल जाने वाले सार्वजनिक मार्ग पर एक भवन स्वामी ने गेट लगा कर रोड बंद कर दिया जिसके कारण क्षेत्र में आक्रेश है। जिसको लेकर क्षेत्र वासियों व जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को मौके पर जाकर विरोध किया। पुलिस ने रोड पर लगे गेट को खुला रखने का निर्देश दिया व भवन स्वामी से कागज दिखाने के बाद आगे की कार्रवाई का भरोसा देने पर मामला शांत हुआ।

स्थानीय निवासी जमन सिंह ने बताया कि उन्होंने एसडीएम सहित संबंधित अधिकारियों को शिकायत की है। यह सार्वजनिक रास्ता है, जो ईएसआई के अस्पताल को जोड़ता है। वहीं भवन स्वामी ने दावा किया कि उनके पास पूरे दस्तावेज हैं और अगर उक्त जमीन के कागज किसी और के हैं तो वह गेट हटा देंगे।

## उत्तराखंड सेवा समिति अहमदाबाद के प्रतिनिधियों ने की सीएम धामी से भेंट




देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को अहमदाबाद में उत्तराखंड सेवा समिति अहमदाबाद के प्रतिनिधियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी उत्तराखंड वासी देश व विदेश में अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के बल पर स्वयं के साथ प्रदेश को भी पहचान देने का कार्य कर रहे है। उन्होंने अहमदाबाद सहित गुजरात के अन्य शहरों में रह रहे प्रवासी उत्तराखंड वासियों से अपने राज्य के विकास में सहयोगी बनने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने प्रवासी उत्तराखंड वासियों से अपने बच्चों को अपनी बोली भाषा सिखाने पर भी ध्यान देने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं से यदि हम जुड़े रहेंगे तो हमारी भावी पीढ़ी भी इससे जुडी रह सकेगी।उत्तराखण्ड सेवा समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि उत्तराखंड से हमारे जो भी गणमान्य व्यक्ति यहां आते हैं और जो यहां पर प्रवासी उत्तराखंडी हैं उन्हें भवन बनाने के लिए गुजरात सरकार से जमीन संपादन हेतु आपके सहयोग की अपेक्षा रखते हैं। यह भवन बन जाने से गुजरात के प्रवासी उत्तराखण्डीयों को अपने समाज–संस्कृति से जुड़े रहने के लिए एक अच्छा माध्यम मिल जायेगा और उत्तराखण्ड से जो भी लोग यहां प्रवास के लिए आते हैं उन्हें भी बड़ी सुविधा रहेगी।

उनके द्वारा यह भी अनुरोध किया गया कि गुजरात से हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक उत्तराखण्ड राज्य में आते हैं।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

रुड़की। ट्रेन की चपेट में आकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुई दुर्घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी। देर शाम बुजुर्ग को परिजनों ने सुपुर्द ए खाक कर दिया। सिविल लाइन्स कोतवाली क्षेत्र के टोड़ा कल्याणपुर निवासी अब्दुल गफ्फार (60) बुधवार सुबह गांव के रेलवे ट्रैक के पास टहल रहे थे। इस बीच ट्रेन की चपेट में आकर अब्दुल गफ्फार की मौत हो गई। ग्रामीणों से इसकी सूचना अब्दुल गफ्फार के परिजनों तक पहुंचाई। जिसके बाद ट्रेन दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामे की लिखापढ़ी कर शव को कब्जे में लिया। अचानक हुई दुर्घटना से अब्दुल गफ्फार के परिवार का रो–रो कर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत हुई है। पंचनामे के बाद बुजुर्ग के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### करवाचौथ महोत्सव में प्रतियोगिता आयोजित

रुड़की। करवाचौथ पर पंचायतघर में आयोजित महोत्सव में पांच सौ महिलाओं के साथ ही आरएनआई इंटर तथा बीडी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुबोध राकेश ने कहा कि हमारे रीति रिवाज और संस्कार ही हमारी सभ्यता और संस्कृति को जीवित रखे हुए हैं। कहा कि करवा चौथ का त्योहार द्वापर युग से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था ने पहली बार नगर में करवाचौथ पर बड़ा आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है।

बीडी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय गर्ग ने कहा कि करवाचौथ पर भाषण, रंगोली, मेहंदी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर सराहनीय कार्य किया है। भाषण प्रतियोगिता में बीडी इंटर कॉलेज की सानिया प्रथम, सबिया द्वितीय और सना तृतीय स्थान पर रही। आरएनआई से कशिश चौथे और सादिया दूसरे स्थान पर रही।

## गोर्खा दशै में दिखेगी गढ़वाल, कुमाऊं और नेपाल की संस्कृति



देहरादून। गोर्खा दशैं दिवाली महोत्सव–2023 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। तीन दिवसीय महोत्सव तीन नवंबर से शुरू होगा। इसमें नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद और आचार्य बालकृष्ण बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उज्वल रेस्टोरेंट में पत्रकारों से बातचीत में वीर गोर्खा कल्याण समिति के अध्यक्ष कमल थापा ने बताया कि इस बार गोर्खा दशै की तैयारी पिछले साल से बेहतर की गई है। उत्तराखंड के लोगों को हर वर्ष की भांति इस साल भी गढ़वाली, कुमाऊनी एवं नेपाली संस्कृति की प्रस्तुतियां देखने को मिलेगी।विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जहां पर लजीज व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे। महासचिव विशाल थापा ने कहा कि दशै में विशिष्ट अतिथियों में पूर्व सीएम एवं सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक गणेश जोशी, काबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, डीजीपी अशोक कुमार, दीप्ति जोशी, अनिर्वाण दत्ता एवं प्रेम तमांग, गोर्खा डेवलपमेंट काउंसिल के प्रेसिडेंट मौजूद रहेंगे। संस्था के कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी टेकु थापा ने बताया कि महोत्सव में श्याम राणा मगर, जो नेपाल के बहुत ही लोकप्रिय एवं प्रसिद्धि प्राप्त कलाकार हैं, उनके साथ ही नेपाल के एक और लोकप्रिय कलाकार बत्ती थापा मगर की प्रस्तुति भी इस बार देखने को मिलेगी।

## छात्र-छात्राओं से की नशे से दूर रहने की अपील

टिहरी : धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर में एंटी ड्रग्स सेल तथा धूम्रपान एवं मादक द्रव्य निषेध समिति की ओर से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं को मादक पदार्थों से स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की अपील की।नरेंद्रनगर महाविद्याल में आयोजित जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. आरके उभान ने किया। इस मौके पर समिति की संयोजक डॉक्टर विजय प्रकाश भट्ट ने कहा कि, ड्रग्स रोग निवारक एवं व्यसन कारक दोनों ही प्रकार के होते हैं, इनके निश्चित सेवन से जीवन रक्षण और अधिक मात्रा में सेवन नशे का कारण बन जाता है। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से नशे की लत लगना और एक व्यसन का रूप धारण करना आम होता जा रहा है, जो कि सभ्य समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है। डॉ. विक्रम सिंह बर्त्वाल ने कहा कि, नशे के व्यसन से शारीरिक, मानसिक नुकसान के साथ आर्थिक नुकसान भी होता है,

## बकरे खरीदने आए उत्तरकाशी के व्यक्ति को लूटा

देहरादून। दून में बकरे खरीदने पहुंचे व्यक्ति को लूट लिया गया। बदमाश बड़कोट जिला उत्तरकाशी के व्यक्ति से 45 हजार रुपये नगदी और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों ने आईएसबीटी के पास बकरा मंडी का पता पूछा था। भगवान सिंह रावत निवासी कंसेरु, बड़कोट जिला उत्तराकाशी केदारनाथ धाम में खच्चर चलाने का काम करते हैं। हाल में यात्रा से उन्होंने कुछ रुपये इकट्ठे किए। इनमें 45 हजार रुपये लेकर वह बीते मंगलवार को दून पहुंचे। यहां दोपहर करीब डेढ़ आईएसबीटी के पास उन्होंने स्कूटर सवार दो युवकों से बकरा मंडी का पता पूछा। उन्होंने झांसा दिया कि वह भी बकरे पालते हैं। पीड़ित को अपने स्कूटर पर बैठाया और अपने घर ले जाने के झांसे में शकुंतला एंक्लेव स्थित खाली मकान के कमरे में लेकर गए। आरोप है कि वहां पीड़ित को बंधक बनाया और मापीट की। पीड़ित से 45 हजार रुपये नगदी और मोबाइल फोन लूट लिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए।

### सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना की

रुड़की। ग्रामीण क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु तथा सुख शांति की कामना की। बाजारों में भी दिनभर चहल–पहल रही। शाम के समय महिलाओं ने विशेष पूजा अर्चना के बाद चांद देखने के साथ ही व्रत खोला।

## दिसंबर प्रथम सप्ताह में होगा नैनबाग शरदोत्सव, तैयारियां शुरू

टिहरी : 35वें नैनबाग शरदोत्सव को लेकर समिति के पदाधिकारी, सदस्य और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की सरदार सिंह रावत राइंका में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी लोगों ने माह दिसंबर के प्रथम सप्ताह में शरदोत्सव करने के प्रस्ताव का निर्णय लिया।नैनबाग शरदोत्सव को लेकर बुधवार को आयोजित बैठक में समिति अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा शरदोत्सव में खेलकूद प्रतियोगिता में पुरुष कबड्डी, वॉलीबॉल ओपन, बैडमिंटन, मैराथन, सामान्य ज्ञान के साथ रात्रि संध्या में क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि खेल प्रतिभाओं को उभारने और लोक संस्कृति को कायम रखने के साथ क्षेत्र के विकास के लिये शरोदत्सव का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। कहा समिति पदाधिकारी क्षेत्र जनप्रतिनिधियों समाज सेवी, युवों से कार्यक्रम की तैयारी में जुड़ने का आह्वान किया गया है। बताया बैठक में समिति की ओर से शरदोत्सव समारोह में इस बार केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को आमंत्रित करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसके लिये समिति का एक प्रतिनिधि मंडल दिल्ली निमंत्रण देने के लिये जाएगा।

## शहर की सफाई की जिम्मेदारी तेरह अधिकारियों को सौंपी

देहरादून। शहर में सफाई वाहनों के संचालन की मॉनीटरिंग करने और व्यवस्था को और बेहतर बनाने की जिम्मेदारी नगर आयुक्त ने निगम के तेरह वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी है। ये सभी अधिकारी डोर टू डोर और सार्वजनिक जगहों से कूड़ा उठाने के लिए चल रही ट्रैक्टर ट्रॉलियों से निर्धारित रूटों पर पूरे चक्कर लगवाना सुनिश्चित करेंगे। नगर आयुक्त मनुज गोयल ने बताया कि सौ वार्डों में सफाई कार्य की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, रोहिताश शर्मा, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खन्ना, रविंद्र दयाल, विजय प्रताप चौहान, अंकिता जोशी, सहायक अभियंता रजित कोटियाल, रमेश सिंह बिष्ट, रविंद्र पंवार, चिकित्साधिकारी डॉ सुनील गैरोला को सौंपी है।

## ट्रिपल इंजन की सरकार में रफ्तार के साथ हो रहे हैं विकास कार्यः मेयर



ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास कार्य रफ्तार के साथ हो रहे हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से ऋषिकेश नगर निगम क्षेत्र में भरपूर विकास कार्य किए गए हैं। बुधवार को दून मार्ग स्थित सिंह सभा गुरुद्वारा वाली गली में मेयर अनिता ममगाईं ने सड़क का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क जिला योजना के अंतर्गत चार लाख की लागत से बनाई गई है। कहा कि पीएम और सीएम दोनों ने ही ऋषिकेश नगर निगम को आर्दश नगर निगम बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कहा कि इस सड़क निर्माण से सब्जी मंडी में खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मौके पर सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट, अवर अभियंता पीडब्लूडी संजय सेमवाल, अवर अभियंता तरुण लकेड़ा, पार्षद रीना शर्मा, पार्षद सोनू प्रभाकर, नवल कपूर, जितेंद्र अग्रवाल, चेतन शर्मा, पंकज शर्मा, विवेक गोस्वामी, पवन शर्मा, अनिल ध्यानी, आशु डंग, पदम शर्मा, नवल वासुदेव, अखिलेश दीवान, राजू जाटव, सुनील उनियाल, दमयंती देवी, विनीता कुमारी, राज दुलारी देवी, अभिषेक मल्होत्रा, नरेश खेरवाल आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई वीर शहीद केसरी चंद की जयंती



विकासनगर। देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीद केसरी चंद की 104वीं जयंती को जौनसार बावर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर लोगों ने शहीद को याद कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एसएमआर जनजातीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय साहिया के छात्र–छात्राओं व शिक्षक–शिक्षिकाओं, व्यापार मंडल चकराता ने वीर शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साहिया महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने आर्मी कैम्प चायता बैंड जाकर आजादी के महानायक वीर शहीद केसरी चंद की जयंती मनाई। देश की आजादी के लिए उनके बलिदान को याद किया गया। छात्र–छात्राओं ने वीर केसरी चंद द्वारा आजादी के लिए दी गई कुर्बानी से प्रेरणा लेने का भी संकल्प लिया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने जनजातीय क्षेत्र जौनसार बाबर के क्यावा गांव में जन्मे वीर शहीद केसरी चंद को नमन करते हुए कहा कि वीर शहीद केसरी चंद हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम संयोजक दीपक बहुगुणा ने कहा कि वीर शहीद केसरी चंद बचपन से ही निर्भिक और साहसी थे। कहा कि दस 10 अप्रैल 1941 को रायल इंडियन आर्मी सर्विस कोर में नायब सूबेदार के पद पर भर्ती हुए। इन्ही दिनों द्वितीय विश्व युद्ध जोरों पर चल रहा था। 29 अक्तूबर 1941 को इन्हें मलाया युद्ध के मोर्चे पर भेज दिया गया।

## मृतक आश्रितों का धरना 23वें दिन भी जारी

देहरादून। उत्तराखंड परिवहन निगम मृतक आश्रित संघर्ष समिति के बैनर तले निगम के मृतक आश्रितों का धरना 23वें दिन भी जारी रहा।

एकता विहार में धरने पर बैठे मृतक आश्रितों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी नियुक्ति की मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक धरना जारी रहेगा।

राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ, रोडवेज की कर्मचारी यूनियनें भी मृतक आश्रितों के समर्थन मे हैं। धरने पर वंश शर्मा,, गौरव बडोनी, अजित कुमार आदि मौजूद रहे।

## हार्डवेयर सेनेटरी के गोदाम में आग लगने से नुकसान

विकासनगर। राजा रोड के समीप खाटू श्याम मंदिर के पीछे एक हार्डवेयर सेनेटरी के गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम के मालिक की सूचना पर फायर ब्रिगेड और थाना सेलाकुई पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का काम किया। आग पर काबू तो पा लिया गया। लेकिन इस दौरान गोदाम में रखे करीब दो लाख रुपये से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। बुधवार दोपहर करीब दो बजे अचानक आरके इंटर प्राइजेज के गोदाम में आग लग गई। गोदाम धू–धूकर जलने लगा। तभी गोदाम के मालिक आरके अग्रवाल ने गोदाम को जलते देख फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर फायर ब्रिगेड व थाना सेलाकुई पुलिस की टीम ने आग पर काबू पा लिया। गोदाम के मालिक आरके अग्रवाल ने बताया कि गोदाम में करीब दो लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# पेरिस मास्टर्स: रोमन सफीउलिन ने वर्ल्ड नंबर 2 अल्काराज को चौंकाया



पेरिस,01 नवंबर। रूस के रोमन सफीउलिन ने पेरिस मास्टर्स में नंबर 2 कालीस अल्काराज को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की।

क्वालीफायर ने दोनों सेटों में शुरुआती ब्रेक से उबरते हुए 6-3, 6-4 से अप्रत्याशित जीत दर्ज की, जिससे अल्काराज को 2023 में पहली बार शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा।

सफीउलिन इस जीत के साथ एटीपी लाइव रैंकिंग में 39वें नंबर पर पहुंच गए हैं और पहली बार शीर्ष 40 में पहुंचने के लिए तैयार हैं। हाल के महीनों में विंबलडन क्वार्टर फाइनल और चेंगदू फाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद 26 वर्षीय खिलाड़ी की अल्काराज के खिलाफ बेहतरीन जीत हुई।

मैच के बाद सफीउलिन ने कहा, कालीस के लिए, यह उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं था, लेकिन फिर भी मुझे खुशी है कि मैं जीत सकता हूं, भले ही वह सर्वश्रेष्ठ स्थिति में न हो, उसे हराना कठिन है। इसलिए मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने इसे हासिल किया।

अल्काराज, जिन्हें अपने बाएं पैर और पीठ के निचले हिस्से की समस्याओं के कारण बासेल से बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ा था, सितंबर में ग्रिगोर दिमित्रोव से शंघाई अंतिम 16 में अपनी हार के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

यह हार लगातार दूसरे वर्ष पेपरस्टोन एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहकर सीजन समाप्त करने की उनकी दावेदारीको भारी झटका देती है; वह एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में दुनिया के नंबर 1 नोवाक जोकोविच से 500 अंक पीछे हैं, सर्बियाई खिलाड़ी बुधवार को अपना पेरिस अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं।

पेरिस में पहले दौर में बाई के बाद, अल्काराज ने दोनों सेटों में शानदार शुरुआत की, लेकिन सफीउलिन के स्थिर खेल के कारण वह पिछड़ गए। क्वालीफायर को स्पैनियार्ड की 27 बेजां भूलों से सहायता मिली, हालांकि उन्होंने विशेष रूप से महत्वपूर्ण क्षणों में अच्छा बचाव करके अल्काराज की गलतियों में अपनी भूमिका निभाई। किसी भी प्रायोजक पैच से रहित एक सादे सफेद शर्ट में खेलते हुए, कर्मठ सफीउलिन ने मैच में आठ ब्रेक अवसरों में से चार को बदल दिया – प्रत्येक सेट में दो – जबकि टेनिस के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक, अल्काराज के खिलाफ चार में से दो ब्रेक प्वाइंट बचाए।

शंघाई में अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ अपनी जीत के साथ,इस जीत के साथ शीर्ष 10 के मुकाबले 3-6 में सुधार हुआ। सफीउलिन अब पिछले पांच एटीपी मास्टर्स 1000 (मैड्रिड, रोम, शंघाई) में से चार में तीसरे दौर में पहुंच गया है।

पिछले साल मॉन्ट्रियल में टॉमी पॉल से तीन सेट की हार के बाद से अल्काराज ने मास्टर्स 1000 में अपना पहला मैच नहीं हारा था। मंगलवार की हार से पहले स्पैनियार्ड ने उस प्रतिष्ठित स्तर पर लगातार नौ ओपनर जीते थे।

## वनडे विश्व कप 2023: भारत बनाम श्रीलंका मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अहम आंकड़े



मुंबई , वनडे विश्व कप 2023 का 33वां मुकाबला भारतीय क्रिकेट टीम और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच 2 नवंबर को खेला जाएगा।भारतीय टीम ने इस विश्व कप में कमाल का प्रदर्शन किया है और अब तक खेले सभी 6 मुकाबले जीते हैं।श्रीलंका की टीम ने इस विश्व कप में सिर्फ 2 मुकाबले जीते हैं और वह अंक तालिका में 7वें स्थान पर है।आइए मुकाबले की ड्रीम इलेवन, प्रीव्यू और अन्य जरूरी बातों को जानते हैं। भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं करना चाहेगी। बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों कमाल की फॉर्म में चल रहे हैं।श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल की फॉर्म थोड़ी खराब है, जिसे वह श्रीलंका के खिलाफ बेहतर करना चाहेंगे। टीम में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है।संभावित एकादशः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज। श्रीलंका के लिए यह मुकाबला करो या मरो का है। सेमीफाइनल की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए उन्हें यह मुकाबला हर हाल में अपने नाम करना होगा।टीम के कई खिलाड़ी चोटिल हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कप्तान कुसल मेंडिस को मैच में बड़ी पारी खेलनी होगी।संभावित एकादशः पथुम निसांका, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर/कप्तान), सदीरा समरविक्रमा, चरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, एंजेलो मैथ्यूज, महेश थीक्षाना, कासुन राजिथा, दुष्मंथा चमीरा और दिलशान मदुशंका। वनडे क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच 167 मैच खेले गए हैं। 98 मैच में भारत को जीत मिली है और 57 मुकाबले श्रीलंका ने जीते हैं।11 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है और 1 मैच टाई रहा है।वनडे विश्व कप में दोनों टीमों के बीच 9 मुकाबले खेले गए हैं। 4 मैच श्रीलंका ने जीते हैं और 4 मुकाबलों में भारतीय टीम को जीत मिली है। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। रोहित ने पिछले 8 मैच में 68.43 की औसत से 479 रन बनाए हैं। विराट ने पिछले 8 मैच में 82 की औसत से 410 रन बनाए हैं।कुसल मेंडिस के बल्ले से पिछले 10 मैच में 441 रन निकले हैं। सदीरा समरविक्रमा ने पिछले 10 मैच में 61.13 की औसत से 489 रन बनाए हैं।जसप्रीत बुमराह ने पिछले 9 मैच में 19 विकेट झटके हैं। मोहम्मद शमी के नाम पिछले 4 मैच में 15 विकेट है।

विकेटकीपरः केएल राहुल (कप्तान) और कुसल मेंडिस।बल्लेबाजः रोहित शर्मा (उपकप्तान) और विराट कोहली।ऑलराउंडर्सः रविंद्र जडेजा और एंजेलो मैथ्यूज।गेंदबाजः मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, दिलशान मदुशंका और महेश थीक्षाना।भारत और श्रीलंका के बीच होने वाला मैच 2 अक्टूबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा।इस मैच को भारतीय समयानुसार दोपहर 2:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+ हॉटस्टार एप पर लाइव देखा जा सकता है।

## सऊदी अरब फीफा विश्व कप 2034 के लिए बोली लगाएगा




जिनेवा,सऊदी अरब 2034 विश्व कप की मेजबानी करना चाहता है। इसके लिए यह बोली लगाएगा। फीफा ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। रिपोर्ट के अनुसार, विश्व फुटबॉल संचालन संस्था को 2030 फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन से और जश्न मनाने वाले खेलों की मेजबानी के लिए उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे से भी बिड आई है।

फीफा ने घोषणा की कि इस पहले चरण के बाद फीफा विश्व कप के दोनों संस्करणों के लिए बोली प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसमें मेजबानों की घोषणा 2024 में फीफा कांग्रेस में एकत्र हुए सदस्य संघों द्वारा की जाएगी।

मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित करने से पहले फीफा बोलीदाताओं के साथ बातचीत शुरू करेगा। फीफा कांग्रेस रिपोर्टों पर चर्चा करेगी और संबंधित प्रतियोगिताओं के मेजबानों की नियुक्ति करेगी।

## बाबर आजम स्पिन के खिलाफ सहज नहीं दिखाई देते हैं: रमीज राजा

नई दिल्ली, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने रमीज राजा ने कहा है कि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम अपनी पारी की शुरुआत में स्पिन गेंदबाजी का सामना करने में सहज महसूस नहीं करते हैं और उन्होंने बाद में उन्हें शतक के साथ वापसी करने की सलाह दी।

आईसीसी विश्व कप 2023 के अब तक सात मैचों में बाबर ने 30.85 की औसत से 216 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक उनके नाम हैं। सात पारियों में से, वह स्पिनरों कॉलिन एकरमैन, मेहदी हसन मिराज, नूर अहमद, तबरेज़ शम्सी और एडम ज़म्पा द्वारा पांच बार आउट हुए हैं। रमीज ने बात करते हुए बाबर को टर्निंग ट्रैक पर स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए स्वीप शॉट खेलने का सुझाव दिया, यदि आप उसकी बल्लेबाजी में गलती ढूंढना चाहते हैं, तो जब वह पारी की शुरुआत करता है तो स्पिन के खिलाफ उसकी बल्लेबाजी होती है। रमीज ने कहा, स्पिन के खिलाफ वह उतना धाराप्रवाह नहीं है जितना वह तब होता है जब वह गति का सामना कर रहा होता है।मुझे नहीं पता कि यह उसका फुटवर्क है या यह उसके दिमाग में है, या क्या उसके पास बहुत अधिक विकल्प नहीं हैं क्योंकि वह स्वीप शॉट नहीं खेलता है। धीमी पिचों पर आपको स्वीप शॉट खेलने की जरूरत होती है।बाबर का स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष मौजूदा विश्व कप में पाकिस्तान टीम के लिए एक बड़ा झटका है। रमीज़ को लगता है कि इस तरह से आउट होने से बल्लेबाज के आत्मविश्वास में कमी आती है। उन्होंने कहा, जब भी वह आक्रामक रहा है, वह आउट भी हुआ है। अफगानिस्तान के



खिलाफ उन्होंने जोरदार छक्का लगाया और फिर गलत समय पर आउट हो गए। रमीज ने कहा, उसे बस शतक तक पहुंचने के लिए मेहनत करने की ज़रूरत है जहां वह गति, स्पिन का सामना करता है और अपनी भूमिका के बारे में सहज महसूस करता है। वह पूरी तरह से आउट ऑफ टच नहीं है, वह अभी भी गेंद को मिडल कर रहा है, लेकिन ऐसा है कि जब वह स्पिन के खिलाफ अपनी पारी शुरू करता है, तो वह थोड़ा घबराया हुआ दिखता है। पाकिस्तान मंगलवार को बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से टूर्नामेंट की अपनी तीसरी जीत के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है और उसका सेमीफाइनल क्वालीफिकेशन अभी भी बरकरार है। पाकिस्तान का अगला मुकाबला शनिवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड से होगा।

# फिल्मी दुनियां

## सूर्या कर्ण से करेंगे बॉलीवुड में डेब्यू, राकेश ओमप्रकाश मेहरा के साथ चल रही बातचीत

तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेताओं में से एक सूर्या अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता को 2020 में आई फिल्म सोरारई पोटरु के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। इन दिनों सूर्या अपनी फिल्म कंगुवा की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं तो अब खबर आ रही है कि अभिनेता बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। अभिनेता की निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा से कर्ण के लिए बातचीत चल रही है।



सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक, सूर्या और मेहरा बीते कुछ समय से कर्ण के लिए बातचीत कर रहे हैं। दोनों की बातचीत सही दिशा में भी आगे बढ़ रही है। ऐसे में सूर्या मेहरा के इस दो भाग वाले महाकाव्य का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। सूत्र के अनुसार, यह फिल्म महाभारत की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, जिसमें सूर्या अपने करियर के सबसे जटिल किरदारों में से एक कर्ण की भूमिका निभाएंगे।

सूत्र ने कहा, यह मेहरा का ड्रीम प्रोजेक्ट है और वह काफी समय से इस पर काम कर रहे हैं। निर्देशक और निर्माताओं का मानना है कि फिल्म भारत में बदलाव लाने की क्षमता रखती है क्योंकि आज तक किसी ने इतने जटिल नायक पर फिल्म नहीं बनाई है। सूत्र ने कहा, कर्ण के किरदार के लिए ऐसे अभिनेता की तलाश थी, जो एक से दूसरे क्षेत्र में आसानी से ढल जाए और सूर्या से बेहतर कौन हो सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्ण पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा और इसके 2024 में फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। सूत्र के अनुसार, मेहरा ने फिल्म के लिए खाका पहले ही तैयार कर रखा है और अब इसे सही से अमल में लाने की देरी है। सूत्र ने कहा, मेहरा के साथ सूर्या कई बैठक कर चुके हैं और उनका मानना है कि कर्ण उनके लिए बॉलीवुड में शुरुआत करने के लिए सही साबित होगी।

## अपकमिंग सीरीज के लिए रसिका दुग्गल ने कराया नया हेयर कट

एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने अपकमिंग सीरीज में अपने किरदार के लिए नया हेयरस्टाइल करवाया, जिसकी वह वर्तमान में शूटिंग कर रही हैं।एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने अपकमिंग सीरीज में अपने किरदार के लिए नया हेयरस्टाइल करवाया, जिसकी वह वर्तमान में शूटिंग कर रही हैं।

रसिका ने अपने इस नए लुक को इंस्टाग्राम पर शेयर किया। छोटे बाल और स्टाइलिश बैंग्स के साथ एक्ट्रेस का लुक काफी अच्छा लग रहा है। उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया और लिखा: फ्रिंज बेनिफिट्स, हैशटैग न्यू वर्क, हैशटैग न्यू लुक हालांकि, उन्होंने इस बारे में डिटेल्स शेयर नहीं की, कि उनका किरदार क्या है या वह किस सीरीज की शूटिंग कर रही है। रसिका के पास अमेजन प्राइम के लिए सुपरनेचुअलर थ्रिलर अधूरा', स्पाइक: स्पोर्ट्स ड्रामा', लॉर्ड कर्जन की हवेली: ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर', फेयरी फोक: इम्प्रोव कॉमेडी' और लिटिल थॉमस:ड्रामेडी' जैसे प्रोजेक्ट्स कतार में है।

## सामंथा रुथ प्रभु ने सिटाडेल के लिए बढ़ाई अपनी फीस, ले रहीं 10 करोड़ रुपये?

प्रियंका चोपड़ा की सिटाडेल आने के बाद से ही प्रशंसक इसके हिंदी संस्करण के इंतजार में हैं, जिसमें सामंथा रुथ प्रभु और वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस सीरीज को लेकर आए दिन नई जानकारी सामने आती रहती है और अब सामंथा की फीस को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। दरअसल, कहा जा रहा है कि अभिनेत्री ने सिटाडेल के लिए अपनी फीस बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी है। हालांकि, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है।रिपोर्ट के अनुसार, राज और डीके के निर्देशन में बन रही सिटाडेल के लिए सामंथा 10 करोड़ रुपये ले रही हैं।

ज्ञात हो कि इससे पहले अभिनेत्री राज और डीके की ही वेब सीरीज द फैमिली मैन 2 में नजर आई थीं, जिसके लिए उन्हें 2-3 करोड़ रुपये मिलने की बात सामने आई थी। ऐसे में अब अभिनेत्री ने अपनी फीस में तकरीबन 8 करोड़ रुपये की वृद्धि कर दी है।

सिटाडेल का हिंदी संस्करण रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित वेब सीरीज सिटाडेल का स्पिन-ऑफ है, जिसमें प्रियंका और रिचर्ड मैडेन मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। हाल ही में इस सीरीज ने अमेजन



प्राइम वीडियो पर दस्तक दी है, वहीं कहा जा रहा है कि हिंदी संस्करण में 80 और 90 का दशक दिखाया जाएगा। सीरीज में वरुण और सामंथा के साथ सिकंदर खेर भी मुख्य भूमिका में होंगे और इसमें जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा।

## साड़ी का पल्लू गिराकर नम्रता मल्ला ने कराया हुस्न का दीदार, हॉटनेस देख फैंस का मचला दिल

भोजपुरी एक्ट्रेस नम्रता मल्ला सोशल मीडिया पर अपने हुस्न का दीदार करवा के लोगों के बीच लाइमलाइट लूट लेती हैं। उनकी बोल्डनेस और हॉटनेस हमेशा इंटरनेट पर कहर बरपाए रहती हैं। फैंस उनकी हर एक किलर तस्वीरों के लिए बेताब रहते हैं। हाल ही में नम्रता मल्ला ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उन्होंने साड़ी का पल्लू गिरा कर एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं। एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने हाल ही में अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरों से इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी हॉटनेस के कायल हो गए हैं। नम्रता मल्ला ने साड़ी का पल्लू गिराकर बेहद ही सिजलिंग पोज दिए, जो फैंस की धड़कनें बढ़ा रहे हैं। साथ ही छोटा सा डीपनेक ब्लाउज पहनकर एक्ट्रेस नम्रता मल्ला ने कैमरे के सामने क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। अपनी ग्लैमरस अदाओं से सबका दिल मचलने वाली एक्ट्रेस नम्रता मल्ला के हर एक लुक के लिए फैंस बेताब रहते




हैं। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

## फैमिली के साथ बोल्ड सीन नहीं देख पातीं तमन्ना भाटिया

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा की 'लस्ट स्टोरीज 2' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस सीरीज में विजय और तमन्ना के बोल्ड सीन्स को लेकर काफी चर्चा थी। जिसमें एक्ट्रेस ने पहली बार स्क्रीन पर किसिंग सीन किए। ऐसे में तमन्ना ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि फैमिली के साथ सेक्स सीन देखने पर उनका कैसा रिएक्शन होता है। हाल ही में दिए इंटरव्यू में तमन्ना भाटिया ने बताया कि, लस्ट स्टोरीज 2 में 18 साल बाद किसिंग पॉलिसी तोड़ने में लिए एक बड़ी चुनौती थी।

मैं भी उसी ऑडियंस का हिस्सा थी, जो फैमिली के साथ ऐसे सीन्स को देखकर असहज महसूस करते हैं। मैं भी परिवार संग ऐसे सीन देखने के दौरान इधर-उधर देखना शुरू कर देती हूं। यही वजह रही कि मैंने अपने करियर में कभी इंटीमेट सीन्स नहीं किए। तमन्ना भाटिया ने आगे कहा कि, मेरे लिए ये जर्नी आसान नहीं थी। एक ऐसी एक्ट्रेस जिसके लिए ये सब करना काफी मुश्किल था।



अब मैं खुद को एक्सप्लोर कर रही हूं और अलग-अलग तरह के किरदारों की तलाक में हूं। बता दें कि हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान तमन्ना भाटिया ने कहा था कि लस्ट स्टोरीज 2 में उन्होंने अपना 18 पुराना किसिंग रूल तोड़ा है। इस सीरीज में एक्ट्रेस ने अपने बॉयफ्रेंड विजय वर्मा के साथ कुछ बोल्ड सीन्स किए हैं।29 जून को लस्ट स्टोरीज 2 ओटीटी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। सीरीज में 4 अलग-अलग कहानियां हैं। वहीं किरदारों की बात करें तो विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया के अलावा काजोल, कुमुद मिश्रा, मृणाल ठाकुर, नीना गुप्ता समेत कई बड़े एक्टर्स लीड रोल में नजर आए।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338